दैनिक


# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली।। गुरुवार 23 मई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 223 पेज- 08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## उत्तर पूर्वी दिल्ली के द्वारका में पीएम नरेन्द्र मोदी ने रैली को किया संबोधित



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को दिल्ली के द्वारका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूसरी रैली है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में सबसे पहली जनसभा को संबोधित किया था। मंच पर पीएम मोदी के पहुंचने के बाद समर्थकों ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर उनका जोरदार स्वागत किया। संबोधन के दौरान पीएम को अपना भाषण रोकना पड़ा। द्वारका में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच चरणों के मतदान ने भाजपा, एनडीए की मजबूत सरकार पक्की कर दी है। देश भी समझ रहा है कि अगर इंडी वालों को गलती से भी वोट पड़ गया तो वह वोट देश के लिए कोई काम नहीं आने वाला। जबकि भाजपा को दिया गया हर वोट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेगा। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनाव से तीन दिन पहले ये रैली दिल्ली और देश का भविष्य तय करेगी। हम तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का पीएम बनते देखना चाहते हैं। हमारी पीढ़ियां खप गईं धारा 370 हटने के इंतजार करते हुए। राम मंदिर बनने की राह देखते हुए। लेकिन पीएम मोदी ने ये सारे सपने साकार कर दिए। पश्चिमी दिल्ली के भाजपा की उम्मीदवार कमलजीत सहरावत ने कहा कि यशश्वी प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उपहार दिया।

## प्रतापगढ़ की सभा में आज गरजेंगे अखिलेश यादव



**लखनऊ।** यूपी के प्रतापगढ़ में सपा मुखिया अखिलेश यादव की बड़ी जनसभा होने वाली है। इस रैली को सफल बनाने के लिए सपा के साथ जनसत्ता दल के कार्यकर्ता भी जुटे हुए हैं। जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने हाल ही में लोकसभा चुनाव में न्यूट्रल रहने का फैसला लिया था। उन्होंने समर्थकों से कहा था कि वो अपने विवेक से जिसे चाहे वोट करें। लेकिन इस क्रम में अब राजा भैया की पार्टी के कार्यकर्ता/समर्थक बीजेपी के बजाय सपा/गठबंधन प्रत्याशियों के साथ ज्यादा नजर आ रहे हैं।

इसकी बानगी बीते दिनों कुंडा में भी देखने को मिली जब कौशांबी से सपा उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज के समर्थन में जनसत्ता दल के सैकड़ों कार्यकर्ता उमड़ पड़े थे।

## खत्म करेंगे अग्निवीर योजना : राहुल गांधी



**सोनीपत।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा के सोनीपत में अपनी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने अग्निवीर योजना को लेकर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि यह पीएम मोदी की योजना है और इस पीएमओ ने बनाया गया है।

मंच से बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने पहली


शेष, पृष्ठ 2


# भाजपा पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में हाई वोल्टेज प्रदर्शन

## महापौर के घर और कार्यालय पर पहुंचे दर्जनों पार्षद, शाम को सीपी आवास जाने पर भी अड़े पार्षद



सभी फोटो : वरुण लहोरिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोहन नगर जोन के पार्षद सुधीर कुमार की दुकान वाले दंपति से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज केस में उन्हें गिरफ्तार करके भेज दिया है। जिसके बाद पार्षद की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को नगर निगम के पार्षद बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए।

शाम को सीपी के घर पर प्रदर्शन की चेतावनी के बाद घंटों तक नोंकझोंक चली। वहीं बुधवार को पहले महापौर सुनीता दयाल के आवास पर पहुंचे, जहां पार्षदों की पहुंचने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के एसीपी नंदग्राम रवि सिंह मौके पर आ गए और गुस्साए पार्षदों को समझाने बुझाने का काम किया। उधर पार्षदों का आरोप था कि जिस तरीके से साहिबाबाद पुलिस ने जल्दबाजी और दबाव में कार्रवाई की है वह ठीक नहीं है। पार्षदों का दल

### पार्षदों ने लगाए पुलिस के खिलाफ नारे

सुबह मेयर आवास से कुछ ही देर बाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचा। जहां दिनभर मेयर के कमरे में कई दौर की बैठकर चली, यहां बातचीत करने और इस पूरे मामले को सुलझाने के लिए खुद डीसीपी थ्सअी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा लेकिन पार्षदों का गुस्सा और पार्षद पर हुई कार्रवाई का विरोध ऐसा था कि अधिकारियों की एक ना चल सकी। शाम होते-होते स्थिति बदल गई और पार्षदों ने मेयर और पुलिस कमिश्नर की फोन पर बातचीत होने के बाद पार्षदों ने सीपी के आवास को कूच किया। जैसे ही यह सूचना पुलिस के अन्य अधिकारियों को मिली तो सीपी के आवास की ओर जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग कर दिए गए। यहां पुलिस बल की तैनाती कर दी गई ताकि पार्षद सीपी आवास पहुंच ना करें।

यहां पार्षदों और पुलिस के अधिकारियों के बीच में थोड़ी कहासुनी भी हुई। जहां पार्षद शीतल चौधरी बैरिकेडिंग तोड़ने पर अमादा थीं। जब पार्षदों को बता दिया गया कि पुलिस कमिश्नर नहीं मिल पाएंगे, तो यहां एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद कल्पना सक्सेना को भेजा गया। आईपीएस कल्पना सक्सेना को पार्षदों ने साहिबाबाद पुलिस पर कार्रवाई करने के साथ ही एसएचओ साहिबाबाद और चौकी इंचार्ज मोहन नगर को सस्पेंड करने की मांग की है। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कराई जाने की आवाज उठाई गई।

### महापौर कार्यालय पहुंचे पार्षदों ने लगाए पुलिस पर गंभीर आरोप



करंट क्राइम : पार्षद सुधीर कुमार की गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी के बाद साहिबाबाद पुलिस के खिलाफ गाजियाबाद के अलग-अलग वार्ड के पार्षदों का गुस्सा फूट गया। वह महापौर के नगर निगम कार्यालय पर पहुंचे और वहां पुलिस के खिलाफ उन्होंने गुस्सा निकाला। इस दौरान पार्षदों ने सुधीर कुमार पर की गई कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि यह जनप्रतिनिधियों का अपमान है। जिस तरीके से पार्षद पर लूटपाट, छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उससे उन्हें डर लग रहा है कि भविष्य में कहीं कोई और पार्षद भी पुलिस की रडार पर ना आ जाए। इस दौरान पार्षद अजय शर्मा ने कहा कि जिस तरीके से यह साजिश रची गई है, वह निंदनीय है। वहीं पार्षद पति मनोज गोयल ने कहा कि जिस तरीके से पार्षद पर लूटपाट के आरोप लगाए गए हैं यह बेबुनियाद हैं। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस को इस पूरे मामले में पहले जांच करनी चाहिए थी।

### इन पार्षदों की रही मौजूदगी



करंट क्राइम : भाजपा पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में खुद उनकी पत्नी स्वाति जो कि पेशे से अधिवक्ता हैं। वह महापौर सुनीता दयाल से मिलने पहुंची थी, इसके साथ ही कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा, विजेंद्र चौहान पार्षद नीरज गोयल, मनोज गोयल, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद यशपाल पहलवान, पवन कुमार, धीरेंद्र यादव बिल्लू, प्रवीण कुमार मुलायम, राजकुमार सिंह, रवि भाटी, देवनारायण शर्मा, पार्षद शीतल चौधरी, पूनम सिंह, मनोज कुमार कन्हैया, संतोष राणा, मदन राय, ओमप्रकाश, धीरज अग्रवाल, नितिन कुमार, हिमांशु शर्मा, पार्षद पति आशीष चौधरी, पार्षद पति कालीचरण पहलवान, पार्षद पति प्रवीण भाटी, पार्षद प्रमोद यादव ,पार्षद उदित मोहन गर्ग, पार्षद पति अभिनव जैन, पार्षद राहुल शर्मा ,विनीत दत्त, पार्षद अनिल तोमर, पार्षद हरिश्चंद्र काराकोटी, दीपक राघव, संजय कुमार सहित अन्य भाजपा पार्षद उपस्थित रहे।

### पार्षद यशपाल पहलवान ने दी शहर की सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी



करंट क्राइम : साहिबाबाद से पार्षद यशपाल पहलवान ने पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी और पुलिस द्वारा गलत धाराओं में उन्हें जेल भेजने के मामले में खुलकर गुस्सा निकाला और कहा है कि जिस तरीके से पुलिस ने पार्षद को जेल भेजा है यह ठीक नहीं है। इस पूरे मामले में वाल्मीकि समाज बेहद आक्रोशित है अगर अधिकारियों ने जल्द ही इस पूरे मामले का संज्ञान नहीं लिया और पार्षद को रिहा नहीं किया गया तो शहर की सफाई व्यवस्था एवं कूड़ा उठाने की व्यवस्था को ठप कर दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

### यह था पूरा मामला

**करंट क्राइम।** राम उदगम यादव और सीता देवी गाजियाबाद में वर्ल्ड स्कॉयर मॉल की सर्विस रोड पर खोखे में कोल्ड ड्रिंक, पानी बोतल, नमकीन बेचते हैं। सीता के मुताबिक, 19 मई की रात पार्षद सुधीर कुमार, उनके भाई संदीप कुमार आए। उन्होंने कुछ सामान खरीदा और पैसे नहीं दिए। मैंने पैसे मांगे तो पार्षद ने फोन करके अपने कुछ समर्थक बुलवा लिए। उन सभी ने खोखे को तहस-नहस कर डाला और हमारे साथ मारपीट करते हुए तीन हजार रुपए लूटकर ले गए। सीता की शिकायत पर थाना साहिबाबाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी पार्षद सुधीर कुमार को 21 मई को गिरफ्तार कर लिया और भेजा।

### महापौर ने कहा पार्षद है ईमानदार और पढ़ा लिखा, रात दो बजे तक कैसे खुली थी दुकान



करंट क्राइम : इस पूरे मामले में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एकजुट हुए, तो महापौर सुनीता दयाल ने भी पार्षद सुधीर का साथ दिया है। उन्होंने कहा है कि वह पार्षद सुधीर को जानती हैं, उसका परिवार भी सभ्य है। भले पार्षद पर पुलिस कुछ भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उनकी साहिबाबाद थाना प्रभारी से बात हुई थी। साहिबाबाद थाना प्रभारी ने कहा था कि जो गंभीर धाराएं लिखी गई हैं, उनको हटा दिया जाएगा लेकिन पुलिस ने धाराएं हटाने के बजाय उनको पुलिस लाइन और फिर जेल भेज दिया। इस मामले में उन्होंने कहा कि पीड़ित पार्षद सुधीर की पत्नी पेशे से अधिवक्ता है और बाल्मीकि समाज से हैं। उन्होंने भी उनसे बातचीत की है, वह अपने पार्षद के साथ हैं और इस पूरे मामले में अभी वह शांत हैं, लेकिन 4 जून के बाद इस मामले को लेकर वह मोर्चा अवश्य खोलेंगी।

### पुलिस की मेयर को दो-टूक, मारपीट की है तो पार्षद को जाना पड़ेगा जेल

करंट क्राइम : उधर सूत्र बता रहे हैं कि शाम को महापौर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र से फोन पर बातचीत की। बताया जा रहा है कि महापौर ने सुधीर कुमार की पैरवी की, तो पुलिस के अधिकारियों ने साफ कर दिया कि इस पूरे मामले में सुधीर पर जो आरोप लगे हैं वह जेल जाने वाला अपराध है। इसीलिए पुलिस कोई मदद नहीं कर सकती है।

### पार्षदों ने दिखाई एकजुटता, दल को नहीं दी तवज्जो



करंट क्राइम : पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी को लेकर जहां नगर निगम के अन्य पार्षदों ने एकजुटता दिखाई, तो इस दौरान निर्दलीय और दूसरे दलों के पार्षद भी समर्थन में आए। भले महापौर के सामने बड़ी संख्या में भाजपा के ही पार्षद पहुंचे थे लेकिन कांग्रेस के पार्षद अजय शर्मा और निर्दलीय पार्षद धीरेंद्र यादव बिल्लू भी अलग नजर आ रहे थे। जो इस पूरे मामले में पार्षद पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध कर रहे थे।

### महिला पार्षदों ने कहा पुलिस हमें भी भेज सकती है जेल

करंट क्राइम : पार्षद सुधीर कुमार को जेल भेजे जाने का मामला तूल पकड़ गया है। बुधवार को नगर निगम में जिस



तरीके से लगभग 50 के आसपास पार्षद महापौर के पास पहुंचे। उन्होंने गिरफ्तारी का विरोध किया और इसे नगर निगम का अपमान करार दिया। तो वहीं पार्षद शीतल चौधरी और पूनम सिंह ने कहा है कि जिस तरीके से पुलिस ने पार्षद को जेल भेजा है, ऐसे में उनको डर लगता है कि कहीं उनको भी पुलिस किसी मामले में शिकार ना बना दे। पार्षदों के पास जब शिकायत वाली फोन कॉल आती है, तो उनको मौके पर जाना पड़ता है और वहां कुछ भी हो सकता है।







### पार्षदों ने लगाए पुलिस कमिश्नर के खिलाफ नारे

करंट क्राइम : पार्षद सुधीर कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में नगर निगम के बड़ी संख्या में पार्षद नगर निगम से पुलिस कमिश्नर के आवास पर घेराव करने के लिए जा रहे थे। तो इस दौरान निगम की सीढ़िया पर पुलिस कमिश्नर और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के खिलाफ नारेबाजी का वीडियो भी एक सामने आया है। जिसमें पार्षद अपनी ही सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

### एडिशनल सीपी ने दिया सुबह तक जांच और बेल में मदद का आश्वासन

करंट क्राइम : पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी के मामले को लेकर आईएमटी कॉलेज राजनगर में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना पहुंची थी।

इस दौरान पार्षद शीतल चौधरी ने बताया है कि उनकी बातचीत पुलिस अधिकारी से हुई है। जिसमें पुलिस अधिकारी एडिशनल सीपी ने साहिबाबाद थाना प्रभारी अजय और चौकी प्रभारी की इस मामले में जांच के बाद रिपोर्ट देने की बात की है। साथ ही पार्षदों को भरोसा दिया गया है कि सुधीर को बेल कराने में भी पुलिस मदद करेगी।

### बड़ी संख्या में पुलिस बल किया गया था तैनात




करंट क्राइम : पार्षदों द्वारा पुलिस कमिश्नर के घर पर पहुंचने का जैसे ही संदेश पुलिस के अधिकारियों को मिला, वैसे ही कवि नगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसएचओ कवि नगर योगेंद्र मलिक, सिहानी गेट रविंद्र सहित कई कवि नगर थाने के इंस्पेक्टर नरेश सिंह के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस के सब इंस्पेक्टर और अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर राजनगर में भेजे गए थे। वहीं यातायात पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे।

### भगवा कमांडर ले रहे थे बनारस से पल-पल की अपडेट

करंट क्राइम : पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी के मामले को लेकर भगवा दल के तमाम नेता एक्टिव मोड पर बताए जा रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा इन दिनों लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र बनारस गए हुए हैं लेकिन वह वहां से भी इस पूरे मामले में अपने पार्षदों और पार्टी के अन्य लोगों से इस पूरे प्रकरण पर पल-पल का अपडेट ले रहे थे।

### पार्षद अमित त्यागी ने की पूरे प्रकरण में निंदा



करंट क्राइम : पार्षद अमित त्यागी ने कहा है कि इस पूरे प्रकरण में वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराया गया है। बिना जांच किए जनप्रतिनिधि को जेल भेजना सही नहीं है। साथ ही गाजियाबाद पुलिस से भी प्रश्न है कि महानगर में केवल मुख्य मार्गों पर ही नहीं बल्कि कॉलोनियों में भी देर रात 12 बजे तक खुलने वाली ऐसी दुकानों पर जहां सोडा, पानी, ग्लास, सिगरेट और शराब तक मिलती है। उन पर कार्रवाई करने का कार्य किसका है। मेरे वार्ड शास्त्री नगर और आसपास गोविंदपुरम, चिरंजीव विहार में ऐसे कई दुकानों पर बाहर खड़े होकर खुलेआम शराब सिगरेट पीते हुए लोग देखे जा सकते हैं। आरडब्ल्यूए और स्थानीय निवासी अपने सबसे पहले जनप्रतिनिधि अपने पार्षद से शिकायत करते हैं। पार्षद जनप्रतिनिधि हैं कार्रवाई से पहले जांच करनी चाहिए थी।

### सीपी आवास पर पार्षदों के कूच के दौरान बंद किए गए रास्ते, घंटों लगा रहा जाम

करंट क्राइम : देर शाम नगर निगम के पार्षदों ने पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के आवास की ओर कूच किया, तो



पुलिस ने पूर्व सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर के आवास की ओर जाने वाले आईएमटी मार्ग के रास्ते पर बैरिकेडिंग कर दी। इस दौरान भारी संख्या पर यहां पुलिस बल और यातायात पुलिस को तैनात कर दिया गया कि पार्षद आवास तक कूच ना कर पाएं। उधर जानकारी मिली है कि पुलिस अधिकारियों ने बताया था कि पुलिस कमिश्नर की तबीयत ठीक नहीं है वह मुलाकात नहीं कर पाएंगे। वहीं भाजपा पार्षदों के यहां बड़ी संख्या में पहुंचने पर एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना पहुंची। जहां पार्षदों की ओर से पुलिस पर कार्रवाई करने के लिए एक शिकायती पत्र दिया गया है। जिस पर पुलिस जांच के बाद एक्शन लेगी।

# रैली में लोगों को लाने के लिए पैसे देते हैं सपा-कांग्रेस वाले : पीएम मोदी



## मोदी वंचितों के अधिकारों का है चौकीदार

पीएम मोदी ने कहा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। मैं आपको गारंटी देता हूं, आरक्षण छीनने का कर्नाटक मॉडल देश में लागू नहीं होने दूंगा। जिन लोगों ने 60 साल तक कुछ नहीं किया, वो मोदी को रोकने के लिए एक हो गए हैं। यूपी में दो लड़कों की जोड़ी फिर से लॉन्च हुई है। वही पुरानी फ्लॉप फिल्म, वही पुराने किरदार, वही पुराने डायलॉग। पूरा चुनाव खत्म होने को है, लेकिन एक भी नई बात इन लोगों के मुंह से आपने सुनी क्या?

**लखनऊ।** पीएम मोदी ने सपा-कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग जनता को अपनी रैली में लाने के लिए पैसे देते हैं और जब पैसे नहीं दिए तो लोग मंच पर चढ़ गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को श्रावस्ती में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं एक वीडियो देख रहा था, जिसमें लोग भाग-भाग कर मंच पर चढ़ रहे थे, तो मैंने पूछा भई, ये हुड़दंग क्यों चल रहा है?... तो उन्होंने बताया कि सपा कांग्रेस वाले रैली में लोगों को लाने के लिए कॉन्ट्रैक्ट देते हैं, प्रति व्यक्ति पैसे देते हैं, लेकिन इन्होंने पैसा दिया नहीं, तो लोग भागकर मंच पर चढ़ गए। अब जिस पार्टी का ये हाल हो, वो आपका भला कैसे कर सकती है। पीएम मोदी श्रावस्ती में जनता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमलावर होते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में कैंसर से भी बुरी बीमारियां हैं। ये फैलते फैलते पूरे हिंदुस्तान को तबाह कर देंगे। ये तीनों बीमारियां देश के लिए कैंसर से भी ज्यादा विनाशक बन सकती हैं। ये घोर सांप्रदायिक हैं। ये घोर जातिवादी हैं। ये घोर परिवारवादी हैं। पीएम मोदी श्रावस्ती में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी ने 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के जनधन खाते खुलवाए, ये आपका बैंक खाता बंद कर देंगे और पैसे छीन लेंगे। मोदी ने हर गांव में बिजली पहुंचाई, ये बिजली कनेक्शन कटवा कर फिर अंधेरा कर देंगे। मोदी घर-घर पानी पहुंचा रहा है, सपा-कांग्रेस वाले आपके घर की पानी की टोंटी भी खोल कर ले जाएंगे और इसमें तो इनकी महारत है।

पीएम मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी किसी शाही खानदान से नहीं आया है। मैं इन्हीं माताओं जैसी गरीब मां का बेटा हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है, लेकिन मैं अपने देश को इतना मजबूत बनाना चाहता हूं कि परिवारवादी पार्टियां फिर से देश को बदहाल न कर सकें। इसके लिए मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए।

हमारा श्रावस्ती इतनी ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है, जहां पूरे देश से पर्यटक आना चाहते हैं। पहले इतने समय सपा-बसपा-कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन किसी ने श्रावस्ती के विकास के बारे में नहीं सोचा। इन्हें न श्रावस्ती के विकास की चिंता थी, न ही देश के विरासत की फिक्र थी। हमारी सरकार श्रावस्ती को देश के नक्शे पर अलग पहचान देने के लिए काम कर रही है।

# दिल्ली की पॉवर सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है :आतिशी

## अधिकतम बिजली मांग 8 हजार मेगावाट पहुंची

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में बिजली की डिमांड में बढ़त देखने को मिली है। 23 मई की दोपहर करीब 3:42 बजे दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 8000 मेगावाट तक पहुंच गई।

आतिशी ने कहा कि भीषण गर्मी और इतनी भारी डिमांड के बावजूद दिल्ली की पावर सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं आ रही है।

भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में बिजली की डिमांड में बढ़त देखने को मिली है। 23 मई की दोपहर करीब 3:42 बजे दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 8000 मेगावाट तक पहुंच गई। डिस्कॉम अधिकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक मांग है। इसने एक दिन पहले बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया। कल दोपहर मांग 7717 मेगावाट के साथ सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और कुछ ही घंटों बाद 23:01 बजे यह रिकॉर्ड भी टूट गया था।




## बिजली कटौती को लेकर 'आप' ने भाजपा पर साधा निशाना

आतिशी ने कहा, 'दिल्ली देश का इकलौता राज्य है, जो पूरे प्रदेश को 24 घंटे बिजली देता है। इसके लिए मैं समस्त दिल्लीवासियों की तरफ से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद देती हूं। दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है, वहां लंबे-लंबे पॉवर कट हुए हैं। यूपी के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में जबरदस्त बिजली कटौती हो रही है। आज भाजपा शासित राज्यों में भीषण पावर कट हो रहे हैं, लेकिन दिल्ली में 24 घंटे बिजली मिल रही है।' उन्होंने कहा कि 'जुलाई-अगस्त में बिजली की खपत बढ़ जाती है, लेकिन इस बार अभी से ही काफी ज्यादा लोड बढ़ गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलाई-अगस्त में 8000 मेगावॉट तक डिमांड आ सकती है, लेकिन दिल्ली सरकार और बिजली कंपनियां इस डिमांड को पूरा करने के लिए तैयार हैं।'

## पृष्ठ 1 के शेष

### खत्म करेंगे अग्निवीर योजना : राहुल गांधी

बार हिंदुस्तान के जवानों को मजदूर में बदल दिया है, वो कहते हैं कि दो तरीके के शहीद होंगे। एक नॉर्मल जवान या अफसर, उसके परिवार को पेंशन मिलेगी, शहीद का दर्जा मिलेगा और सारी की सारी सुविधाएं मिलेंगी और दूसरा गरीब घर का बेटा, जिसको अग्निवीर नाम दिया है। उन्होंने आगे कहा, ह्लइस अग्निवीर को ना शहीद का दर्जा मिलेगा, ना पेंशन मिलेगी, ना कोई सुविधा मिलेगी, ना कैंटीन मिलेगी। यह योजना नरेंद्र मोदी की योजना है। यह सेना की योजना नहीं है। सेना इसे नहीं चाहती है।

यह पीएमओ से योजना बनाई गई है तो मैं पहली बात आपको कहना चाहता हूं कि इंडिया की सरकार आएगी तो हम अग्निवीर योजना को उठाकर कूड़ेदान में फेंक देंगे।

# सीएम केजरीवाल का दावा, आज घर आ रही है दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि पुलिस गुरुवार को घर आकर मेरे बीमार माता-पिता से पूछताछ करेगी। जबकि उन्होंने मुझे इसकी कोई वजह नहीं बताई है। वह संदिग्ध हैं। दिल्ली पुलिस स्वाति मालीवाल बदसलूकी मामले में सीएम केजरीवाल के आवास पर आएगी। केजरीवाल ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस मेरे बीमार और बुजुर्ग माता-पिता से पूछताछ के लिए आ रही है।



बिभव की खत्म हो रही रिमांड मुख्यमंत्री आवास पर आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने के मामले में बिभव कुमार को मुंबई में पांच सितारा होटल सहित तीन जगह ले जाया गया। यहां पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कई लोगों से पूछताछ की। इस दौरान बिभव ने माना कि उन्होंने मुंबई के होटल में हैंग होने से आईफोन-15 को फॉर्मेट किया था, लेकिन डाटा कॉपी नहीं कर सके। हालांकि, पुलिस बिभव की इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि डाटा किसी दूसरे व्यक्ति को कॉपी करवाया गया है। सीसीटीवी की मदद से पुलिस दूसरे व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# बंगाल में सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द किए कोलकाता हाईकोर्ट ने

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र रद्द कर दिए। जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजशेखर मंथा की पीठ ने कहा कि 2011 में सत्ता में आई वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार (टीएमसी) से जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र अब रद्द कर दिए गए हैं। आदेश के बाद 2010 से जारी किए गए पांच लाख से ज्यादा ओबीसी प्रमाणपत्रों का उपयोग अब नौकरियों में आरक्षण मांगने के लिए नहीं किया जा सकता। हालांकि, उन लोगों को छूट है जिन्होंने उस अवधि के दौरान जारी प्रमाणपत्रों का उपयोग कर पहले ही नौकरी ले ली है। पीठ के नये आदेश का उन पर कोई प्रभव नहीं पड़ेगा। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि



2010 के बाद जारी किए गए प्रमाणपत्र निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार जारी नहीं किए गए थे, इसलिए उन्हें रद्द किया जाता है। पीठ ने फैसला सुनाया कि राज्य विधानसभा अब तय करेगी कि ओबीसी प्रमाणपत्रों के लिए आवेदन करने के लिए कौन पात्र हैं। यह भी कहा गया है कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अब उन जाति श्रेणियों की सूची तय करेगा जिन्हें ओबीसी सूची में शामिल किया जा सकता है। नियम के मुताबिक, आयोग सूची की सिफारिश करता है।

# आखिर क्यों हो रहा है अखिलेश की सभा में हंगामा

## उपद्रवियों ने फाड़े पर्दे, पुलिस ने लिया एक्शन तो फेंके पत्थर

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जनपद में एक बार फिर अखिलेश की जनसभा में कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। जिसके कारण कार्यक्रम स्थल पर भगदड़ मच गई। कार्यकर्ताओं ने वहां लगे पर्दों को फाड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने जब उन पर लाठियां बरसाईं तो उन्होंने पुलिस पर पत्थर भी फेंके। किसी तरह से मामला शांत हुआ।



लोकसभा चुनाव को लेकर आजमगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव गोपालपुर और सदर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। सबसे पहले वह गोपालपुर विधानसभा के बिलरियागंज स्थित बघैला ताल में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। जहां कार्यकताओं का जोश इतना बढ़ गया कि उन्होंने बैरिकेडिंग को तोड़कर मंच की तरफ बढ़ने का प्रयास किया। जिससे वहां पर भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने किसी तरह से मामले को संभाला। इसके बाद अखिलेश सदर विधानसभा के भदुली में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। यहां भी कार्यकर्ताओं के कारण भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। कार्यकताओं ने कार्यक्रम स्थल पर लगे पर्दों को फाड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लाठियां भांजी। इसके बाद कार्यकर्ता वहां से भागते हुए पुलिस पर पत्थर चलाने लगे। अखिलेश ने मंच से ही कार्यकर्ताओं को शांत कराया।

# राशिद अल्वी ने कहा- भारतीय जनता पार्टी को हर धर्म की इज्जत करनी चाहिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हर धर्म की इज्जत करनी चाहिए। आप किसी धर्म को मानें या ना मानें। एक-दूसरे के धर्म की इज्जत करना जरूरी है। भारत पूरी दुनिया में इसी बात को लेकर जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा, विश्व के अखबार आज हमारे लोकतंत्र को कमजोर बता रहे हैं। अमेरिका के फॉरेन अफेयर्स तक कह रहे हैं कि भारत में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब हम एक-दूसरे के धर्म की इज्जत नहीं करेंगे तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। इस बीच, उन्होंने केजरीवाल को जान से मारने के पोस्टर लगाने वाले शख्स को लेकर



कहा कि ऐसा करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। लोकतंत्र में ऐसे किसी भी व्यक्ति की कोई गुंजाइश नहीं है, जो कानून अपने हाथ में ले। किसी को मारने की धमकी देना, अपराध है, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा, कांग्रेस प्रवक्ता ने एलजी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी गई चिट्ठी के संदर्भ में भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, अब मामला अदालत में है, कोर्ट फैसला करेगी। एलजी कौन होते हैं इस मामले में सफाई मांगने वाले। इस मामले में अगर अदालत केजरीवाल को बुलाती है तो बुलाएगी और उनका बयान दर्ज करेगी। इसके बाद सच्चाई देश के सामने आएगी। इस बीच, कांग्रेस प्रवक्ता ने चुनावी नतीजों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पूरा देश कह रहा है कि चार जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। इसमें कहीं कोई शक नहीं है। भारत के लोगों को उनके पसंद की नई सरकार मिलने वाली है।

## गर्मी से जानवरों को बचाने के लिए लखनऊ चिड़ियाघर में स्प्रिंकलर और कूलर

**लखनऊ।** देश भर में बढ़ती गर्मी से हर कोई बेहाल नजर आ रहा है। तेजी से बढ़ रहे टेंपरेचर से बचने के लिए लोग अपने घरों के अंदर एसी, कूलर का सहारा ले रहे हैं। दोपहर के वक्त गर्म हवा के चलते लोग बाहर निकलने से बचते हुए नजर आ रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग अपने लिए हर संभव इंतजाम कर रहे हैं। इस समय जानवर भी छांव वाली जगह देखकर आराम फरमाता हुआ नजर आता है। लेकिन चिड़ियाघर में रहने वाले जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए क्या व्यवस्था की गई है। इस संबंध में आईएएनएस ने लखनऊ चिड़ियाघर के निदेशक अदिति शर्मा से बात की है। अदिति शर्मा बताती हैं कि गर्मी के मौसम में चिड़ियाघर में रह रहे जानवरों के लिए खास व्यवस्था करना जरूरी हो जाता है। जानवरों के लिए टेंपरेचर को कंट्रोल करने के लिए हमने स्प्रिंकलर लगाई है, कूलर की व्यवस्था की गई है। 25 से 30 कूलर बाड़ों के अंदर लगाए गए हैं।

# चंदौली में 25 मई से पार्टियों के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा

## 25 को योगी और 27 मई को आएंगे अखिलेश यादव

**चंदौली।** लोकसभा चुनाव को लेकर चंदौली में भी राजनैतिक पार्टियां अपने-अपने स्तर से तैयारियां कर रही हैं। 25 मई से जिले में पार्टियों के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा होने वाला है। जनसभा के माध्यम से ये लोग अपने प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील करेंगे।

लोकसभा चुनाव के आखिरी समय में प्रचार काफी तेज हो गया है। पार्टियों के स्टार प्रचारक जल्द ही चंदौली में अपनी जनसभा करने वाले हैं। चंदौली के महेंद्र टेक्निकल मैदान में 25 मई को योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं 27 मई को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चंदौली पॉलिटेक्निक मैदान में जनसभा करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह के आने की भी सूचना है। लोकसभा चुनाव के आखिरी समय में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चंदौली लोकसभा सीट पर प्रचार-प्रसार का दौर काफी तेज हो गया है। पार्टियों के प्रत्याशी 18-20 घंटे तक लोगों से मिलने और जनसभा करने में लगा रहे हैं। प्रत्याशियों ने आखिरी समय में पार्टी के स्टार प्रचारकों को जिले में बुलाने पर जोर लगाया है। भाजपा के चंदौली जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने बताया कि 25 मई को महेंद्र टेक्निकल कॉलेज चंदौली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह के भी आने की पुष्ट सूचना है।



बस उनका प्रोटोकॉल नहीं आया है। जल्द ही उनके जनसभा की भी तिथि तय हो जाएगी। वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने बताया कि 27 मई को चंदौली पॉलिटेक्निक मैदान में अखिलेश यादव की जनसभा होगी। इसकी पूरी तैयारियां की जा रही हैं।

# नरेन्द्र मोदी की सरकार में मिला है हमें भरपूर सम्मान और प्यार : किन्नर समाज

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांच चरण का मतदान अब संपन्न हो चुका है। ऐसे में पूरे देश की निगाहें अब यूपी की वाराणसी लोकसभा सीट पर टिकी हुई हैं। इस सीट से खुद पीएम मोदी हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। राजनीतिक दलों की ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। देश के कोने-कोने से लोग पीएम मोदी और भाजपा के समर्थन में नजर आ रहे हैं। इस बीच दिल्ली में आईएएनएस ने किन्नर समाज के लोगों से बात की जो एक बार फिर पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनते हुए देखना चाहते हैं। इन किन्नरों का कहना है कि वह चाहते हैं कि एक बार फिर देश में पीएम मोदी का राज हो।

रोहिणी की रहने वाली किन्नर पूनम माईजी कहती हैं कि इस चुनाव में हमारे समाज का कोई मुद्दा नहीं है। हमारे समाज का तो एक ही मुद्दा है कि पीएम मोदी ने इतने अच्छे-अच्छे काम किए हैं, देश में विकास हुए हैं, राम मंदिर के लिए कितने लोगों ने



बलिदान दिए, लोगों ने 500 सालों तक तपस्या की और आज पीएम मोदी ने भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई, देश के बच्चे जो संस्कार भूल चुके थे, उनमें संस्कार वापस आ रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद बच्चों के अंदर संस्कार वापस आए हैं। दिल्ली उत्तर पश्चिम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी योगेनद्र चंदोलिया को महापुरुष बताते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक अच्छी पहल कर किन्नर समाज को बुलाया, हमें खाने पर याद किया, इससे बड़ी बात कुछ नहीं हो सकती। वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि फ्री सुविधाओं को देकर वह हमें आलसी बना रहे हैं, हमें निकम्मा बना रहे हैं, हमें नहीं चाहिए फ्री बस सेवा। हमारी जेब में चाहे एक रुपया ही क्यों न हो, हम पैदल जायेंगे, हमें आलसी बनाने की जरुरत नहीं। हमें फ्री में कोई भी चीज नहीं चाहिए, हमें सिर्फ पीएम मोदी चाहिए। पीएम मोदी जिंदाबाद रहें, उनको हमारी भी उम्र लग जाए।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार तो कमल खिलेगा, क्योंकि भगवा लहरा रहा है, हर तरफ भगवा ही भगवा है। इस बार तो 400 पूरा ही करेंगे। किन्नर कल्पना चाहती हैं कि पीएम मोदी एक बार फिर सरकार में आएं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार में काफी काम हुए हैं। उनके आने से हमें बहुत सम्मान मिला है। कांग्रेस के शासन में जब हम रोड पर निकलते थे तो हमें गलत नजरों से देखा जाता था, हमारे ऊपर कमेंट किए जाते थे।

वहीं, सीएम केजरीवाल पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये लड़ाई-झगड़ा लगवाते हैं। दिल्ली में बिजली, पानी, बस की मुफ्त सुविधाओं को लेकर भी वह हमलावर नजर आईं। दिल्ली से आम आदमी पार्टी की सरकार हट जाए, हम यही चाहते हैं। मंगोलपुरी की रहने वाली किन्नर सना कहती हैं कि हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि इस बार भी मोदी सरकार आएगी।

उन्होंने बहुत कुछ किया है। पिछले कई सालों में जो नहीं हो सका, वह पीएम मोदी के राज में हुआ। राम मंदिर का मुद्दा कई सालों से था, जिसे पीएम मोदी के कार्यकाल में पूरा किया गया।


## सार्वजनिक नोटिस

पत्रांक 3557/व्यव0 अनु0/2024 — दिनांक 02.03.2024

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय/वाणिज्यिक/किराये की/नजूल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/ नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, आवेदन संख्या MU2024010513540914.

| क्र0 सं0 | मूल आवंटी/ पट्टाधारक स्वामी का नाम | भूखण्ड/ भवन फ्लैट सं0 | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री शिव शेर सिंह त्यागी पुत्र श्री प्रभु दयाल त्यागी | दुकान संख्या सी-8 | नन्दग्राम गाजियाबाद | श्री विकास त्यागी पुत्र स्व. श्री शिव शेर सिंह त्यागी | निवासी-540, न्याय खण्ड, मकनपुर बारात घर के पास, इन्दिरापुरम शिप्रा सनसिटी, गाजियाबाद। मो. 9910866452 | आवंटी की मृत्यु दिनांक 15.08.2007 को हो जाने के उपरान्त | पट्टाधृत सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दुकान/क्योस्क/भूखण्ड/भवन/फ्लैट के अन्तरण/ नामान्तरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती हैं, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सहायक प्रभारी व्यवसायिक

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



● नई दिल्ली।। गुरुवार 23 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Bhupinder Singh Rawat
58 m ·

किसी को अपनी पसंद बनाना कोई बड़ी बात नहीं
पर किसी की पसंद बन जाना बहुत बड़ी बात है!!!






# भाजपा की सियासत में नहीं है ये कोई पहला किस्सा
# पुलिस-प्रशासन से विवाद में विपक्ष से ज्यादा भाजपा का हिस्सा!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को फिर ऐसा हुआ जब सरकार वालों की ही पुलिस से तकरार हो गई। पुलिस पार्षद को गिरफ्तार कर चुकी थी और अदालत ने पार्षद को जेल भेज दिया था। बुधवार को भाजपा के लगभग 30-35 पार्षद एक जुट हुए और उनकी चिंता इस बात को लेकर थी कि अगर पार्षदों को ऐसे जेल भेजा जायेगा तो फिर क्षेत्र में पार्षद का क्या मयार रह जायेगा। मामला मेयर के पास पहुंचा, मेयर भी भाजपा से हैं और यहां मेयर अपने निगम परिवार यानी पार्षदों के साथ खड़ी दिखाईं दीं। इस बीच यहां नारों के स्वर सुनाई दिये कि ये दीवाने कहां चले, जेल चले भी जेल चले और फिर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद की आवाजें भी आने लगीं। गलती किसकी है ये जांच का विषय है और सियासत का दबाव भी गलत को इंसाफ दिलाने के लिए ना हो लेकिन ये सारा घटनाक्रम ये बताने के लिए है कि भाजपा की सियासत में यह पहला किस्सा नहीं है। पुलिस प्रशासन से विवाद में विपक्ष से ज्यादा भाजपा का हिस्सा है। अक्सर भाजपाई अपनी सरकार में पुलिस से पहले भी उलझ चुके हैं। वो कलैक्ट्रेट के सभागार से लेकर कॉलेज के सभागार तक प्रभारी मंत्री के सामने पुलिस के व्यवहार की शिकायत कर चुके हैं। अगर विपक्ष से ज्यादा भाजपा सरकार में भाजपा तकरार की बात करें तो ये शुरूआत वर्ष 2017 में तब हो गई थी जब भाजपा सरकार आई थी और महानगर अध्यक्ष रहते हुए अजय शर्मा राजनगर में एक धरने पर बैठे थे और यहां लाठी चार्ज हुआ था। अजय शर्मा पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पांच साल ऐसे ही बीते और वर्ष 2022 में भाजपा सरकार रिपीट हो रही थी और अनाज मंडी मतगणना के बाहर कार्यकर्ताओं को लेकर पुलिस अधिकारी से तकरार के बाद तत्कालीन मेयर आशा शर्मा, तत्कालीन राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा धरने पर बैठ गये थे। सरकार भाजपा की थी और लोनी में विधायक नन्दकिशोर धरने पर बैठ गये थे पुलिस से विवाद और धरना भाजपा का एक हिस्सा है। भाजपा पार्षद रहते हुए यशपाल पहलवान का पुलिस से विवाद हुआ और उसका वीडियो भी आया। 2017 वाली पारी में इन्दिरापुरम थाने में भाजपा के पांच पार्षदों ने धरना दिया था। नासिरपुर चौकी के बाहर युवा भाजपाईयों का विवाद हुआ था और मामला थाने तक पहुंचा था। तकरार की बात तो ये है कि सरकार के विधायक इस बात से नाराज हैं कि बीच चुनाव में गनर वापस हो गये।

अब सरकार के 30 पार्षद सड़क पर हैं वो पुलिस कमिश्नर के आवास की तरफ कूच कर रहे हैं। मेयर नाराज हैं और सरकार वाले सरकार के सिस्टम से टकरा रहे हैं। यहां पर एक विषय यह भी है कि इस पूरे मामले में गलती किसकी है ये भी जांच का विषय है और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। लेकिन पूरा घटनाक्रम यह अहसास करा रहा है कि विपक्ष से ज्यादा सरकार से भाजपा वाले टकरा रहे हैं।





### जब मेयर उखड़ गईं और कहा 4 जून के बाद करूंगी बात



करंट क्राइम। सरकार अपनी और तकरार अपनी। निगम मुख्यालय पर पार्षद मौजूद, मेयर अपने पार्षदों के साथ और मामले को सुलझाने के लिए एसीपी आये, बात नहीं बनी। डीसीपी आये, बात नहीं बनी और फिर एक और अधिकारी फोन पर आए और मेयर से बात करते हुए कुछ ऐसा हो गया कि मेयर उखड़ गईं। सामने से जवाब आया कि आप सिफारिश ही उनकी कर रही हैं जिनका कृत्य ऐसा था कि उनका जेल भेजा जाना जरूरी था। फोन कटने के बाद मेयर ने नाराज होकर पार्षदों से कहा कि अब वह इस मामले में 4 जून के बाद बात करेंगी। इसके बाद पार्षदों ने कहा हम कमिश्नर से मिलेंगे। मेयर ने कहा कि वह पूरा प्रयास कर चुकीं। आपको जो विरोध दर्ज कराना है कराइए।

### पार्षद की गिरफ्तारी को विधायक ने बताया शर्मनाक




करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने भाजपा पार्षद की गिरफ्तारी को शर्मनाक बताया। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने नगर निगम के मामले में अपने विरोध की दखल दी और पुलिस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस भाजपा विरोधी मानसिकता के साथ काम कर रही है।चुनावों में विधायकों के साथ क्या हुआ ये किसी से छिपा नहीं है। पार्षद जनप्रतिनिधि होता है और उस पर लूट जैसी संगीन धाराएं लगाने से पहले मामले की जांच होती। लेकिन यहां जांच से पहले जेल भेजा गया। मैं इस पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर पार्टी हाईकमान को अवगत करा रहा हूं।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद क्या होंगे सियासी चुनावी दोस्ती में फजीते
## चुनाव का रिजल्ट आने के कितने दिनों बाद खत्म हो जाती है चुनावी फ्रेंडशिप की वैलिडिटी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कई चरण के बाद अब उम्मीदवार से लेकर दलों के समर्थक भी कुछ देर आराम करेंगे और अपने अपने घर की शरण लेंगे। लगातार चुनाव प्रचार चला है और प्रचार में इस बार यूपी में और खासतौर से वेस्ट यूपी में नई चुनावी फ्रेंडशिप ने सियासी माहौल बनाया है। इस बार कांग्रेस और समाजवादी पार्टी फिर से हाथ मिलाकर आयें है तो भाजपा ने भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल से हाथ मिलाया है। उन्हें चुनाव लड़ने के लिए सीटें दी हैं और सरकार में भागीदारी दी है। पुरानी कहावत है कि सियासत में कोई स्थायी दोस्त और स्थायी दुश्मन नहीं होता। सियासत में सबकुछ समीकरण पर होता है। सियासत में सबकुछ परिस्थितियों के आधार पर होता है और सियासी जरूरतों के हिसाब से नजदीकी और दूरी तय होती है। अब जब लोकसभा का इलैक्शन अपने फाईनल दौर की ओर बढ़ रहा है तो ये भी विश्लेषण होने लगा है कि चुनावी नतीजों के बाद यानी 4 जून के बाद सियासी दोस्ती की वैलीडिटी कितनी रहेगी। क्योंकि ये राजनीति का तकाजा है कि चुनावी दोस्ती ज्यादा लंबी नहीं चलती है। इसकी वैलीडिटी चुनावी नतीजों पर निर्भर होती है और अगर उम्मीदें पूरी नहीं होती हैं तो फिर उम्मीदवार से लेकर सरकार तक अपने लक्ष्यों को बदलती है। इस बार समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए 17 सीटें छोड़ी हैं। कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और बाकी सीटों पर वो समाजवादी पार्टी को चुनाव लड़वा रही है। वहीं भाजपा ने भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने नए सियासी दोस्त राष्ट्रीय लोकदल के लिए दो सीटें छोड़ी हैं। राष्ट्रीय लोकदल को भाजपा बागपत और बिजनौर में चुनाव लड़वा रही है। बागपत सीट भाजपा की सिटिंग लोकसभा सीट रही है। यहां से सतपाल सिंह लोकसभा सांसद थे। भाजपा ने उन्हें कहीं से टिकट नहीं दिया और यह सीट रालोद के लिए छोड़ी। रालोद ने यहां से अपने पुराने नेता डॉ राजकुमार सांगवान को मैदान में उतारा है। वहीं गाजियाबाद में सपा ने कांग्रेस के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा और यहां कांग्रेस ने मेयर और लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी डॉली शर्मा को मैदान में उतारा है। चुनाव अब हो चुका है और मतगणना होनी बाकी है। ऐसे में ये चर्चा स्वभाविक है कि गठबंधन वाली सियासी दोस्ती की वैलीडिटी कितनी रहेगी।




कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और बाकी सीटों पर वो समाजवादी पार्टी को चुनाव लड़वा रही है




भाजपा ने भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने नए सियासी दोस्त राष्ट्रीय लोकदल के लिए दो सीटें छोड़ी हैं।

### सपा और बसपा वाले भी रहे हैं चुनावी दोस्त, अब गिनाते हैं एक दूसरे में दोष

करंट क्राइम। चुनावी दोस्ती की बात हो रही है और इसी शहर में जनता ने एक ऐसी दोस्ती भी देखी है जो अब एक दूसरे में दोष बता रहे हैं। ये दोस्ती पिछले लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा की थी। दोनों ने हाथ मिलाया था और इस दोस्ती का माईलेज हाथी को मिला। जीरो सीट पर बैठा हाथी इस लोकसभा में साईकिल का साथ मिलने पर जीरो से दस पर आ गया था। ये दोस्ती ऐसी थी कि साईकिल वाले अपने दफ्तर से आरडीसी में हाथी वालों के दफ्तर पर चाय पीते थे। चुनाव में बसपा ने सीट छोड़ी सपा के लिए और सपा ने अपने पूर्व विधायक अपने पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मुन्नी के हाथ से टिकट लेकर बसपा के पूर्व विधायक को दे दिया। बसपा के पूर्व विधायक को पहले सपा में लाया गया फिर उन्हें गठबंधन उम्मीदवार बनाया गया और फिर बसपा वालों ने अपने पूर्व विधायक को सपा के सिम्बल पर चुनाव लड़वाया। चुनाव के बाद ये दोस्ती खत्म हो गई और सुरेश बंसल वापस बसपा में आ गये। अब सपा और बसपा अलग अलग हैं और पिछले चुनाव के दोस्त इस चुनाव में एक दूसरे में कमियां गिना रहे हैं।

# विजय नगर में दोस्त ने की दोस्त की हत्या
# पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी
**शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजयनगर के अंबेडकरनगर में शुभम(23) नाम के युवक की मंगलवार को भारी वस्तु से वार करके हत्या कर दी गई।

शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला जबकि कमरे का ताला लगा हुआ था। शुभम अपने साथी प्रेम के साथ सौदान सिंह के मकान में किराए पर रहता था। दोनों एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। घटना के बाद से प्रेम फरार है। शक है कि उसी ने भारी वस्तु से वार कर हत्या की है।






मृतक शुभम की फाइल फोटो

### भदोही का रहने वाला है मृतक शुभम

करंट क्राइम : मामले में मकान मालिक सौदान सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों बनारस के पास भदोही के सिखेड़ी के रहने वाले हैं। इसी मकान में रहने वाली आसमीन का कहना है कि प्रेम मंगलवार शाम करीब चार बजे बैग लेकर हड़बड़ाहट में भागता हुआ नजर आया है। सौदान सिंह ने पुलिस को बताया कि प्रेम ने उनके बेटे हिमांशु से मंगलवार सुबह पांच हजार रुपाये पेटीएम में लिए थे और शाम को नकद लौटाने की बात कही थी। वह उनके पांच हजार रुपये लेकर भी भाग गया।

### मकान मालिक के बेटे ने देखा था शव

करंट क्राइम : सौदान ने बताया कि उनका बेटा ऊपर गया तब पता चला कि शुभम लहूलुहान हालत ने जमीन पर पड़ा है। उनके बेटे ने ताला तोड़कर देखा और पुलिस को सूचना दी। एसीपी कोतवाली प्रियाश्री पाल ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। प्रेम की तलाश की जा रही है। पुलिस की दो टीमें जांच में जुट गई हैं।

# गाजियाबाद के चुनावी रण में किसकी होगी जीत और किसकी होगी हार

## साइलेंट वोटर बदलेगा क्या इस बार चुनावी जीत के आधार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)।26 अप्रैल को गाजियाबाद में मतदान हुआ था और मतदान के बाद से ही एक नई बात देखने में ये आई कि जीत का बड़ा दावा कर रही भाजपा अपने आंकड़े को घटने पर आ गई और कांग्रेस अपनी जीत के दावे को और जोर से प्रचारित प्रसारित करने लगी। चुनावी समीकरण लगाये जा रहे हैं और कहीं कम मतदान प्रतिशत को जिम्मेदार बताया जा रहा है और कही जीत का दावा जोर शोर से हो रहा है। इन सब दावों के बीच आज बात उस वोटर वर्ग की जिसे साईलेंट वोटर कहा जाता है। ये साईलेंट वोटर किसके पक्ष में वायलेंट हुआ है इसको लेकर लगातार सियासी जानकार नब्ज टटोलने का काम कर रहे हैं। साईलेंट वोटर की भूमिका इस चुनाव में इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि यहां नाराजगी फैक्टर भी आया। यहां गठबंधन इफैक्ट भी है और यहां भीतर घात की बात भी सुनाई दे रही है। ऐसे में साईलेंट वोटर पर फोकस है। क्योंकि साईलेंट वोटर इस बार आया जरूर है लेकिन वो कोई इशारा नहीं देकर गया है। क्योंकि इस बार जनरल वीके सिंह का टिकट कटने के बाद से ही ठाकुर विरोध की बात सुर्खियों में थी। डॉली शर्मा ने जिस अंदाज से चुनाव लड़ा और उन्हें कांग्रेस सपा ने मिलकर चुनाव लड़वाया, ये भी चर्चा में है। ठाकुर लॉबी विरोध में रही ये भी सुर्खियों में है। अब सवाल ये है कि नतीजा आने में लगभग 15 दिन बचे हैं और ऐसे में बीजेपी के वरिष्ठ चेहरे आफ द रिकार्ड मान रहे हैं कि वोट प्रतिशत कम होने का असर पड़ सकता है। क्योंकि वो पहले ही दस लाख से आठ लाख, आठ लाख से छह लाख और छह लाख से चार लाख पर आ गये हैं। कहीं कहीं ये आंकडा तीन और दो पर भी आ गया है। ऐसे में अब कैलकुलेशन का सारा दारोमदार साईलेंट वोटर पर आ गया है। ये वोटर साईलेंट हो गया और उसने एक तरफा जीत वाले माहौल पर ब्रेक लगाये हैं क्योंकि कुछ भी स्पष्ट नहीं दिख रहा है। ये साईलेंट वोटर कहा गया है वो बता नहीं रहा है और उसका चुप रहना गाजियाबाद जैसी सीट को सस्पेंस में रख रहा है।




### साइलेंट वोटर से फ्लोटिंग वोटर तक की चुनावी नब्ज

करंट क्राइम। लोकसभा सीट पिछले डेढ दशक से भाजपा के कब्जे में है। यहां एक बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह सांसद रहे। दो बार केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह चुनाव जीते। अब यहां सीन साईलेंट वोटर से लेकर फ्लोटिंग वोटर तक है। साईलेंट वोटर चुपचाप निकलता है और जनादेश सुनाकर वापस लौट जाता है। फ्लोटिंग वोटर लहर के साथ चलता है और ये हवा के रूख पर बह जाता है। ऐसे में अब अनुमान लगाया जा रहा है कि फ्लोटिंग वोटर का कितना प्रतिशत ईवीएम पर आया है। यहां वर्ष 2019 की बात करें तो साहिबाबाद जैसी विधानसभा में कुल पड़े वैद्य मतों का 71 प्रतिशत वोट भाजपा का मिला था। लेकिन इस बार साईलेंट वोटर ने भी वोट डाला है और वो खामोश है। वहीं जो 7 प्रतिशत मतदान घटा है वो किसे माईनस कर रहा है।

**साइलेंट वोटर चुपचाप निकलता है और जनादेश सुनाकर वापस लौट जाता है। फ्लोटिंग वोटर लहर के साथ चलता है और ये हवा के रुख पर बह जाता है।**

**लाखों की जीत का दावा करने वाले साहिबाबाद विधानसभा की बात करतें हैं और परिवर्तन का दावा करने वाले लोनी-खोड़ा-मुरादनगर की बात करते हैं।**

### खोड़ा-मुरादनगर और लोनी में नहीं खिला था कमल

करंट क्राइम। लाखों की जीत का दावा करने वाले साहिबाबाद विधानसभा की बात करतें हैं और परिवर्तन का दावा करने वाले लोनी-खोड़ा-मुरादनगर की बात करते हैं। उनका ये कहना है कि लोकसभा की परिधि में खोडा मकनपुर, मुरादनगर, लोनी विधानसभा भी आते हैं। यदि यहां ताजा सीन पर नजर दौड़ायें तो इन तीनों विधानसभाओं में यहां की नगर पालिकाओं में कमल नहीं खिला है। खोड़ा में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा ने निर्दलीय के रूप में भाजपा उम्मीदवार को हराकर चुनाव जीता है। मुरादनगर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है और लोनी में रालोद ने चुनाव जीता है। इन तीन विधानसभाओं में कमल नहीं खिला है और ये तीनों ही विधानसभायें लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। अगर यहां साईलेंट वोटर ने काम किया है तो ये एक विषय है। इसी तरह धौलाना में ठाकुर नाराजगी वाला वोटर साईलेंट है। अगर जनता ने साईलेंट वोट दिया है तो कई स्थानों पर झटके भी लग सकते हैं।

## संपादकीय

# क्या दोषी को सजा दी जायेगी

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया। यह समझना मुश्किल है कि हमास और इजराइल के बीच जारी जंग से अब तक हासिल क्या हुआ है, लेकिन इतना साफ है कि इस त्रासदी में मानवता कराह रही है। कहने को दुनिया के वे देश भी मानवता की दुहाई देते हैं, जिनके हमलों में सैनिकों से ज्यादा निर्दोष आम लोगों की जान चली जाती है। बहुत कुछ तबाह करने के बाद आखिर किसी बिंदु पर युद्ध खत्म होता है, लेकिन उसके बाद हजारों लोगों की मौत के लिए शायद ही किसी की जिम्मेदारी तय की जाती है मगर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने सोमवार को युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया। अदालत ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित वहां के दो नेताओं और हमास के तीन नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की भी घोषणा की।

इजराइल ने खुद को लोकतांत्रिक बताते हुए अदालत के इस रुख को वास्तविकता से कोसों दूर बताया और हमास ने खुद को पीड़ित कहा और इजराइल की तुलना जल्लाद से की है मगर प्रतीक रूप से भी देखें तो आइसीसी के फैसले की अपनी अहमियत है। करीब सात महीने पहले इजराइली सीमा में घुस कर हमास का आतंकी हमला निश्चित तौर पर बर्बरता की पराकाष्ठा था। इसके लिए वह दुनिया भर के मानवतावादियों के निशाने पर है। हमास के उस हमले के जवाब में अब तक इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, वह अब दुनिया भर के लिए चिंता का सबब बन गया है।

हमास के हमले में करीब बारह सौ आम लोगों की जान चली गई थी, उसके जवाब में इजराइल की सैन्य कार्रवाई में अब तक पैंतीस हजार से ज्यादा आम फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। उनमें एक बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। इजराइली हमले में अस्पतालों और हमले से बचने की पनाहगाहों को भी नहीं बख्शा गया। इजराइल के हमास पर हमले में कितने आतंकी मारे गए, यह साफ नहीं है, लेकिन इस क्रम में हजारों निर्दोष आम फिलिस्तीनियों को मार डाला गया। सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे कत्लेआम की जिम्मेदारी तय कर क्या दोषी को सजा दी जा सकेगी?

# आरबीआई ने केंद्र के लिए 2.11 लाख करोड़ के लाभांश को मंजूरी दी




**मुंबई।** मुंबई में आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 608वीं बैठक के दौरान केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने दृष्टिकोण के जोखिम सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान बोर्ड ने सरकार को 2,10,874 करोड़ रुपये का अधिशेष हस्तांतरित करने का फैसला किया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार की बैठक में वित्त वर्ष 24 के लिए केंद्र सरकार के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूरी दी, जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में लगभग 141 प्रतिशत अधिक है। FY23 में, केंद्रीय बैंक ने केंद्र को अधिशेष के रूप में 87,416 करोड़ ट्रांसफर किए थे। मुंबई में आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 608वीं बैठक के दौरान केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने दृष्टिकोण के जोखिम सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। बोर्ड ने सरकार को 2,10,874 करोड़ रुपये का अधिशेष हस्तांतरित करने का फैसला किया।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आज मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक आयोजित की गई। बोर्ड ने दृष्टिकोण के जोखिमों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। बोर्ड ने वर्ष अप्रैल 2023 मार्च 2024 के दौरान रिजर्व बैंक के कामकाज पर भी चर्चा की और वर्ष 2023-24 के लिए रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को मंजूरी दी। समिति ने सिफारिश की है कि आकस्मिक जोखिम बफर के तहत जोखिम प्रावधान फ्ङककी बैलेंस शीट के 6.5 से 5.5 प्रतिशत की सीमा के भीतर बनाकर रखा जाए।

# भारतीय शेयर मार्केट : आईपीओ से मई में अब तक जुटाए 9,600 करोड़




**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में आईपीओ को लेकर जबरदस्त तेजी कायम है। कंपनियों की ओर से एक के बाद एक आईपीओ जारी किए जा रहे हैं। मई में अब तक आईपीओ से जुटाए गए फंड का आंकड़ा आठ महीनों की 9,606 करोड़ रुपए की ऊंचाई पर पहुंच गया है। यह पिछले महीने के आंकड़े 4,924 करोड़ रुपये से 95 प्रतिशत ज्यादा है। मई में 1,000 रुपये से ज्यादा के चार आईपीओ आ चुके हैं। इसमें सबसे बड़ा आईपीओ आधार हाउसिंग फाइनेंस का था, जिसने करीब 3,000 करोड़ रुपये आईपीओ से जुटाए थे। गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस की ओर से 2,615 करोड़ रुपये और इंडीजीन द्वारा 1,842 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं।

वहीं, टीबीके टेक 1,550 करोड़ रुपये की राशि के साथ मई 2024 का चौथा सबसे बड़ा आईपीओ था। मई में आए सभी आईपीओ में जुटाए गए फंड में 6,400 करोड़ रुपये ओएफएस के तहत और 3,404 करोड़ रुपये फ्रेश इश्यू के तहत जुटाए गए हैं।

इस महीने आए सभी आईपीओ में सबसे ज्यादा 86.69 गुना सब्सक्रिप्शन टीबीओ टेक आईपीओ को मिला था। इसके बाद इंडीजीन आईपीओ 70.3 गुना, आधार हाउसिंग 26.76 गुना और गो डिजिट का आईपीओ 9.6 गुना सब्सक्राइब हुआ है। बीते आठ महीनों में सबसे ज्यादा पब्लिक इश्यू सितंबर 2023 में देखने को मिले थे। इस दौरान कुल 14 मेनबोर्ड आईपीओ आए थे। इन्होंने कुल मिलाकर 11,892.78 करोड़ रुपये की राशि जुटाई थी।

# पेटीएम ने दिये छंटनी के संकेत, कहा - 'संगठन संरचना छोटी' करेंगे




**नई दिल्ली।** निकट भविष्य में छंटनी के संकेत देते हुए डिजिटल भुगतान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी पेटीएम ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित क्षमताओं के दम पर महत्वपूर्ण लागत दक्षता हासिल करने के लिए कंपनी छोटी संगठन संरचना और मुख्य से इतर कारोबारों को अलग करने की योजना बना रही है। पेटीएम ने शेयर बाजार को बताया कि एआई के दम पर और मुख्य कारोबार पर फोकस करते हुए हम संगठन की संरचना छोटी करने सहित महत्वपूर्ण लागत दक्षता पर काम कर रहे हैं। वित्तीय सेवा प्रदाता ने कहा, हमारे एआई में चल रहे प्रयोगों और सीख से वित्तीय उद्योग के लिए ग्राहकों तथा मर्चेंट केयर में क्रांतिकारी बदलावों की संभावना है।

यह राजस्व सृजन और लागत कम करने के नये मार्ग भी प्रशस्त करेगा। पेटीएम ने कहा कि उसे आने वाली तिमाहियों में इन पहलों के स्पष्ट परिणाम दिखने की उम्मीद है जिससे बाजार प्रतिस्पर्द्धा में उसे लाभ मिलेगा। पेटीएम की प्रवर्तक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 550 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ हुआ है। पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में यह 3.2 गुणा का उछाल है। इस दौरान पेटीएम का राजस्व भी पहले की तिमाही के मुकाबले 20 प्रतिशत घट गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पेटीएम पेमेंट बैंक (पीपीबीएल) की कुछ सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के बाद कंपनी का तिमाही परिणाम प्रभावित हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी का राजस्व तीन प्रतिशत घटकर 2,267 करोड़ रुपये रह गया।

# कलानिधि मारन व केएएल एयरवेज से स्पाइसजेट 450 करोड़ रुपये मांगेगी वापस



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस आदेश को 17 मई को रद्द कर दिया था, जिसमें मीडिया दिग्गज कलानिधि मारन को 579 करोड़ रुपये ब्याज के साथ लौटाने का स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह को निर्देश दिया गया था। विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बुधवार को बताया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बाद एयरलाइन के पूर्व प्रवर्तक कलानिधि मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज को भुगतान किए गए कुल 730 करोड़ रुपये में से 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस आदेश को 17 मई को रद्द कर दिया था, जिसमें मीडिया दिग्गज कलानिधि मारन को 579 करोड़ रुपये ब्याज के साथ लौटाने का स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह को निर्देश दिया गया था। अदालत की खंडपीठ ने एकल पीठ के 31 जुलाई 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली सिंह और स्पाइसजेट की तरफ से दायर अपील को स्वीकार कर लिया। साथ ही मध्यस्थ निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने के लिए मामले को संबंधित अदालत में वापस भेज दिया।

इस फैसले के बाद एयरलाइन ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह मारन और केएएल एयरवेज को भुगतान किए गए 730 करोड़ रुपये में से 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी।

एयरलाइन ने कहा, स्पाइसजेट ने मारन और केएएल एयरवेज को कुल 730 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जिसमें मूलधन के 580 करोड़ रुपये और ब्याज के अतिरिक्त 150 करोड़ रुपये शामिल हैं। विवादित आदेश को रद्द करने के साथ ही स्पाइसजेट को 450 करोड़ रुपये वापस मिलना तय है।

## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रतियोगी परीक्षा और साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। वाहन सुख का विस्तार होगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**सिंह:** सहन कष्टमय हो सकता है। बहन-भाइयों का साथ मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी अभी बनी रह सकती हैं। आत्मसंयत रहें।

**कन्या:** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यो से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। मन परेशान रहेगा।

**तुला:** पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है।

**वृश्चिक:** पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। अति उत्साही होने से बचें। जीवनसाथी से नोंकझोंक हो सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर:** माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। मानसिक सुकून रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कुंभ:** मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन:** रहन-सहन कष्टमय रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में यात्रा के योग बन रहे हैं।

## चुटकुले

पप्पू डॉक्टर के पास गया
पप्पू- डॉक्टर साहब मुझे क्या बीमारी है?
डॉक्टर- लड़कियों का पीछा करना छोड़ दो,
पप्पू- उससे क्या होगा?
डॉक्टर- अगर लड़कियों का पीछा करना नहीं छोड़ोगे, तो जल्दी ही मर जाओगे
पप्पू- लड़कियों का पीछा करने से कोई कैसे मर सकता है?
डॉक्टर- क्योंकि उनमें से एक लड़की मेरी भी है।
पप्पू की हालत खराब

---

चिंटू (पिंटू से)- पूरी जिंदगी निकली जा रही है इसी इंतजार में,
कभी कोई टीचर मिलेगा तो एक बात उनसे जरूर पूछूंगा।
चिंटू- क्या?
पिंटू- ये साइन थीटा, कॉस थीटा और टैन थीटा का यूज लाइफ में कब और कैसे करना है?

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

## सेंसेक्स 267 अंक चढ़कर हुआ बंद, एफएमसीजी शेयरों ने पकड़ी रफ्तार



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के ज्यादातर सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 267 अंक या 0.36 प्रतिशत बढ़कर 74,221 अंक और निफ्टी 68 अंक या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,597 अंक पर बंद हुआ। एनएसई पर बुधवार को 1107 शेयर हरे निशान और 1146 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 99 अंक या 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,167 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 59 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,880 अंक पर बंद हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव दशार्ने वाला इंडिया विक्स 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21.46 पर बंद हुआ है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, निजी बैंक और सर्विस सेक्टर का इंडेक्स लाल निशान में बंद हुआ है। वहीं, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी और मीडिया का इंडेक्स हरे निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, रिलायंस, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप पांच गेनर्स थे। एसबीआई, जेएसडब्ल्यू, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक दे का कहना है कि निफ्टी में लगातार मजबूती बनी हुई है और 22,500 के ऊपर टिका हुआ है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सुनील गावस्कर ने कर दी विजेता की भविष्यवाणी
## कहा- एकतरफा रहने वाला है यह मुकाबला




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के सबसे बड़े मुकाबले के तौर पर देखे जा रहे एलिमिनेटर 1 पर सबकी नजर जमी है। राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला चमत्कार करते हुए प्लेऑफ में पहुंची रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम के साथ है। इस मुकाबले में यह यही देखना चाहते हैं कि लगातार 6 मैच जीतकर यहां पहुंची विराट कोहली की टीम अपना अभियान जारी रखेगी या पिछले चार मैच हारने वाली सैंजू सैमसन की टीम बाजी मारेगी। इस मुकाबले को लेकर पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भविष्यवाणी कर दी है।

बुधवार 22 मई को इंडियन प्रीमियर लीग के सीजन का पहला एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाना है। एक तरफ होगी लगातार छह हार झेलने के बाद टूनार्मेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद वापसी करने वाली बैंगलोर की टीम तो दूसरी तरफ दमदार शुरूआत के बाद फिसड्डी साबित हो रही राजस्थान। इस मुकाबले में जिस भी टीम को हार मिलेगी उसका सफर यहीं थम जाएगा। वहीं जीत हासिल करने वाली टीम को फाइनल में जगह बनाने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के साथ खेलना होगा। कोलकाता ने इसी टीम को हारकर फाइनल का टिकट पक्का किया है।

भारतीय टीम के धुरंधर बैटर और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इस मैच को लेकर बड़ी भविष्वाणी कर दी है। उनका मानना है कि यह मैच एकतरफा रहने वाला है। जो भी आरसीबी की टीम ने किया है वो चमत्कार से कम नहीं। सबसे पहले तो यह यकीन करना कि वो वापसी कर सकते हैं, ऐसा जज्बा रखने के लिए आपके अंदर कुछ अद्भुत होना चाहिए। आपको यह कहना होगा कि टीम के फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली और जो भी सीनियर खिलाड़ी हैं उन्होंने बाकी सभी के अंदर गजब का उत्साह भरा है। अगर दूसरी कोई टीम होती तो शायद वो आसानी से इस सोच में आ जाती कि हमने तो सबकुछ गंवा दिया।

आगे उन्होंने कहा, राजस्थान की टीम ने पिछले 5 में से चार मैच हारे हैं। वो अपना आखिरी लीग मैच भी नहीं खेल पाए। यह टीम लय में नजर नहीं आ रही। 11 दिनों तक मैच ना खेलने के बाद भी कोलकाता की टीम ने जो किया अगर राजस्थान वैसा कुछ कर जाए तो अगल बात है। नहीं तो यह एक और एकतरफा मुकाबला हो सकता है।

# पीवी सिंधू मलयेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में, स्कॉटलैंड की गिलमोर को हराया




### ब्रेक से वापसी करने वाली सिंधू को गिलमोर से कड़ी चुनौती मिली

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराकर मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। ब्रेक से वापसी करने वाली सिंधू को गिलमोर से कड़ी चुनौती मिली, लेकिन वह 21-17, 21-16 से गिलमोर को हराने में कामयाब रहीं। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था।

पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू पिछले साल घुटने की चोट के बाद वापसी के साथ कई करीबी मुकाबले हार गई हैं।

अब उनका इरादा इस टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक की तैयारी पुख्ता करने का होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। अब उनका सामना कोरिया की सिम यू जिन से होगा।

मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हॉन्गकॉन्ग के क्वालिफायर लुइ चुन वाइ और फु चि यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जि और तोह ई वेइ से होगा।

# सचिन खिलाड़ी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में जीता गोल्ड मेडल, शॉट पुट में किया बेहतरीन प्रदर्शन




भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

**नई दिल्ली।** भारत के सचिन सजेर्राव खिलाड़ी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरूषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और भारत ने टूनार्मेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया है। भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

सचिन ने 10 . 30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बनाया था। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा , मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा।

अभी टूनार्मेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा , हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिये। इससे पहले कल पैरालम्पिक चैम्पियन सुमित अंतिल ने एफ64 भालाफेंक में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण पदक जीते थे।

# कंपाउंड महिला टीम फाइनल में, कांस्य से चूके पुरूष



**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर कदम बढाते हुए फाइनल में पहुंच गई। वहीं दुनिया की नंबर एक पुरूष कंपाउंड टीम अपेक्षाओं पर खरी नही उतर सकी और विश्व कप दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूक गई।

महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233 . 229 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा।

तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234 . 233 से हराया। भारतीय पुरूष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूटआउट में आस्ट्रेलिया से 133 . 133 ( 10 -10 * ) से हार गए। दोनों टीमों का स्कोर बराबरी पर था लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी।

# रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली को लेकर दिया बयान
## कहा- 'भारत में लोग उन्हें नहीं चुनने के कारण ढूंढते हैं'




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग हैरान हैं कि भारत में लोग विराट कोहली को राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण क्यो ढूंढते हैं और उनका कहना है कि यह करिश्माई बल्लेबाज टी20 विश्व कप के लिये उनकी पहली पसंद है। आईपीएल में 14 मैचों में 708 रन बना चुके कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं लेकिन उनके स्ट्राइक रेट को लेकर लगातार चर्चा हो रही है।

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा कि, यह बहुत हैरानी भरा है। मुझे लगता है कि भारत में लोग हमेशा उसे राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण ढूंढते रहते हैं या यह जताने की कोशिश में रहते हैं कि वह टी20 क्रिकेट में बाकियों की तरह बेहतरीन नहीं है। पोंटिंग का मानना है कि अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिये क्योंकि बाद में सूर्यकुमार यादव समेत अन्य तेजी से रन बना सकते हैं।

उन्होंने कहा , सलामी जोड़ी को लेकर चयनकताओं को फैसला लेना है क्योंकि यशस्वी जायसवाल भी टीम में है। जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फैसला लेना होगा लेकिन मुझे यकीन है कि पारी का आगाज कोहली और रोहित करेंगे। उन्होंने कहा ,वह शीर्षक्रम में भूमिका बखूबी निभा सकता है। सूर्यकुमार और बाकी बल्लेबाज बाद में तेजी से रन बना सकते हैं। पोंटिंग ने कहा कि आजकल क्रिकेट में औसत से अधिक तरजीह स्ट्राइक रेट को मिल रही है लेकिन भारतीय टीम के लिये कोहली की उपयोगिता को कमतर नहीं आंका जा सकता। दिल्ली कैपिटल्स के कोच ने आगे कहा कि, तीन या चार साल पहले टीमें सोचती थी कि शीर्षक्रम पर कोई 80 या 100 रन बना ले , भले ही इसके लिये 60 गेंद खेल जाये। लेकिन अब टीमें चाहती है कि बल्लेबाज 15 गेंद में 40 रन बना जाये। मेरा मानना है कि दबाव के क्षणों में बड़े मैचों में विराट कोहली जैसा क्रिकेटर ही चाहिये।

# त्रिशा-गायत्री दूसरे दौर में, ताईवान की जोड़ी को 21-14, 21-10 से हराया




**नई दिल्ली।** सातवीं वरीय भारतीय जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने मलयेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने ताईवान की हुआंग यू सुन और लियांग टिंग यू को सीधे गेमों में 21-14, 21-10 से परास्त किया।

क्वालिफाइंग दौर में चार भारतीय शटलरों को हार का सामना करना पड़ा। कोई भी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। ओडिशा ओपन सुपर 100 का खिताब जीतने वाले सतीश कुमार ने मलयेशिया के चियाम जुन वेई को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन वह इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से नजदीकी मुकाबले में हार गए।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने गुलशन कुमार को हराया, लेकिन अगले दौर में वह थाईलैंड के पानित्चफोन से 21-23, 21-16, 17-21 से हार गए। शंकर सुब्रमण्यन और तान्या हेमंत को भी हार मिली। युगल में पलक अरोड़ा-उन्नति हुड्डा भी शुरूआती दौर में हारीं।

# मुक्केबाज परवीन के निलंबन के बाद एशियाई खेलों का पदक गंवाएगा भारत, जैस्मिन की चमकी किस्मत

**नई दिल्ली।** कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के कारण 22 महीने के लिए निलंबित किए जाने के बाद भारत का हांगझोऊ एशियाई खेलों का पदक गंवाना तय है। परवीन ने पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था जिससे उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा भी मिला था।

हालांकि, परिणाम प्रबंधन के लिए जिम्मेदार एजेंसी अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ( आईटीए ) ने उन्हें इस महीने की शुरूआत में निलंबित कर दिया गया था क्योंकि वह 12 महीने की अवधि के भीतर तीन बार अपने रहने के स्थान संबंधी जानकारी देने में विफल रही।

आईटीए ने बयान में कहा- आईटीए पुष्टि करता है कि मुक्केबाज परवीन हुड्डा को 12 महीने की अवधि के भीतर तीन बार रहने का स्थान संबंधी जानकारी मुहैया कराने में विफल रहने के बाद 22 महीने की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है जैसा कि अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के डोपिंग रोधी नियमों के नियम 2.4 में परिभाषित किया गया है ( आईबीए एडीआर )1। यह निलंबन 16 जुलाई 2025 तक प्रभावी है।



बयान में कहा गया है- अयोग्यता की अवधि के अलावा 11 दिसंबर 2022 से 17 मई 2024 के बीच खिलाड़ी के परिणाम अयोग्य घोषित किए जाते हैं।' कोविड-19 के कारण चीन में 2022 एशियाई खेलों के आयोजन में एक साल की देरी हुई और 23 सितंबर से आठ अक्टूबर 2023 के बीच इसका आयोजन किया गया जो आईटीए द्वारा निर्धारित समय अवधि के भीतर आता है और इस प्रकार परवीन से उनका कांस्य पदक छीन लिया जाएगा।

इसका मतलब है कि 2023 एशियाई खेलों में भारत की कुल पदक संख्या 107 से घटकर 106 हो जाएगी।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लैंबोरिया शुक्रवार से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर में 57 किग्रा कोटा के लिए चुनौती पेश करेंगी।

हालांकि, इससे समग्र पदक रैंकिंग में देश के चौथे स्थान पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारतीय मुक्केबाजी को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा क्योंकि देश को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग का ओलंपिक कोटा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लैंबोरिया शुक्रवार से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर में 57 किग्रा कोटा के लिए चुनौती पेश करेंगी। मुक्केबाजी में कोटा खिलाड़ी को नहीं, बल्कि देश को दिया जाता है।

# बिना मैच खेले बाहर हो सकती है आरसीबी

**मुंबई।** इस सीजन पिछले 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला आज राजस्थान रॉयल्स से होने वाला है। दोनों टीमों के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा, जो कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

इस मैच को जीतने वाली टीम का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। हालांकि, इस मैच से पहले आरसीबी फैंस के लिए एक बुरी खबर है। दरअसल, आईपीएल के एक नियम की वजह से आरसीबी की टीम बिना किसी मैच खेले भी प्लेऑफ से बाहर हो सकती है।

दरअसल, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैच के लिए किसी भी तरह का कोई रिजर्व डे नहीं रखा है। इस कारण से आज का मुकाबला बारिश की वजह से धुल जाता है तो राजस्थान रॉयल्स को विजेता घोषित कर दिया जाएगा। अगर बारिश हुई तो कम से कम पांच ओवर का मुकाबला या सुपर ओवर के जरिए नतीजा निकाला जा सकता है।

गौरतलब है कि अगर बारिश की वजह से सुपर ओवर भी न हो सका तो फिर प्वॉइंट्स टेबल के आधार पर राजस्थान को विजेता घोषिता किया जा सकता है।

बता दें कि, पॉइंट्स टेबल पर राजस्थान रॉयल्स तीसरे नंबर पर है। वहीं आरसीबी चौथे नंबर पर है, वहीं अहमदाबाद के मौसम के मौसम की तो बता दें कि 22 मई को मौसम 45 डिग्री की संभावनाएं हैं। मैच के दौरान बारिश के आने का कोई चांस नहीं। अगर एक प्रतिशत ये मैच बारिश की वह से प्रभावित रहा तो इस मैच को पूरा करने के लिए 120 मिनट का समय दिया जाएगा।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले अमेरिका ने बांग्लादेश को हराकर रचा इतिहास, पूर्व भारतीय खिलाड़ी रहा हीरो

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 शुरू होने से लगभग 2 हफ्ते पहले सह-मेजबान अमेरिका ने इतिहास रच दिया। अमेरिका ने 3 मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में 21 मई को बांग्लादेश को 5 विकेट से हराकर चौंका दिया। दोनों टीमों के बीच यह पहला टी20 इंटरनेशनल मैच था। ऐसे में अमेरिका की जीत ऐतिहासिक रही। अमेरिका की इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ दूसरी जीत है। इससे पहले उसने 2021 में आयरलैंड को हराया था।

अमेरिका की इस जीत के हीरो हरमीत सिंह रहे। उन्होंने 13 गेंद पर 33 रन की पारी खेली। 31 साल का यह खिलाड़ी भारतीय मूल का है। वह भारतीय टीम का अंडर-19 वर्ल्ड कप में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स का भी हिस्सा रहे हैं। उनमुक्त चंद की कप्तानी में 2012 में चैंपियन बनी भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। उन्मुक्त भी अमेरिका में क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन उनका टीम में चयन नहीं हुआ है।




154 रन के लक्ष्य को अमेरिका ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कोरी एंडरसन ने 25 गेंद पर नाबाद 34 रन बनाए। हरमीत सिंह ने 13 गेंद पर नाबाद 33 रन बनाए।

154 रन के लक्ष्य को अमेरिका ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कोरी एंडरसन ने 25 गेंद पर नाबाद 34 रन बनाए। हरमीत सिंह ने 13 गेंद पर नाबाद 33 रन बनाए। दोनों को बीच 56 रन की साझेदारी हुई। ओपनर स्टीवन टेलर ने 28 और कप्तान मोनांक पटल ने 12 रन बनाए। आंद्रेस गौस ने 23 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मुस्तफिजुर रहमान ने 2 विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और राशिद होसेन ने 1-1 विकेट लिए। सीरीज का दूसरा मैच 23 मई को खेला जाएगा। 25 मई को खेला जाएगा।

### बांग्लादेश की पारी

ह्यूस्टन में प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में अमेरिका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 153 रन ही बनाई पाई। तौहिद ह्दिोय ने 58 रन बनाए। महमुदुल्लाह ने 31 रन बनाए। सौम्स सरकार ने 20 और लिटन दास ने 14 रन बनाए। अमेरिका के लिए स्टीवन टेलर ने 2 विकेट लिए। सौरभ नेत्रावलकर, अली खान और जेस्सी सिंह ने 1-1 विकेट लिए।

# बीमार मां को अस्पताल में छोड़ना कठिन था : गुरबाज
## 14 गेंद में 23 रन बनाकर कोलकाता की जीत में निभाई अहम भूमिका

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने बताया कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ प्लेऑफ में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने के लिए वह अपनी बीमार मां को अस्पताल में छोड़कर आए थे। इस टीम को भी वह अपना परिवार मानते हैं। इस सत्र में पहला मैच खेलने वाले गुरबाज ने दो विकेट लेने के अलावा 14 गेंद में 23 रन बनाकर कोलकाता की जीत में अहम भूमिका निभाई।

गुरबाज ने कहा, एक क्रिकेटर को हमेशा पता होना चाहिए कि उसे क्या करना है। लीग क्रिकेट में बहुत कम क्रिकेटर ही खेल पाते हैं। मौका मिलने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। मौका नहीं मिलने पर भी हमेशा तैयार रहना चाहिए। मेरी मां अभी भी बीमार है। मैं वहां गया और मुझे यहां से फोन आया कि फिल साल्ट जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरबाज हमें तुम्हारी



मां अस्पताल में है और मैं उनसे लगातार बात कर रहा हूं लेकिन यह भी मेरा परिवार है। मुझे दोनों में संतुलन बनाना है। यह कठिन है लेकिन बनाना जरूरी है।

जरूरत है। मैंने कहा कि ठीक है, मैं आ रहा हूं। मां अस्पताल में है और मैं उनसे लगातार बात कर रहा हूं लेकिन यह भी मेरा परिवार है। मुझे दोनों में संतुलन बनाना है। यह कठिन है लेकिन बनाना जरूरी है।

## मजदूर कॉलोनियों के मालिकाना हक के लिए नगर पालिका पहुंचे पीड़ित, सौंपा ज्ञापन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** जन अधिकार मोर्चा व अन्य घटक संगठन ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व पालिका अधिकारियों से 26 कॉलोनी के नियमितीकरण में हो रही देरी को लेकर वार्ता की। पूर्व में मंडलायुक्त मेरठ को भी पत्र दे चुके हैं जिसमें अंतिम कार्यवाही नगर पालिका को करनी है जो पूर्व में मोदी को उद्योग लगाने के लिए सरकार ने अधिग्रहण करके जमीन दी थी। जब उस प्रयोग में अब जमीन नहीं ली जा रही, जमीन वो राज्य सरकार में निहित हो चुकी है। उसे मोदी ग्रुप बेच रहा है और अन्य प्रतिष्ठान भी अवैध रूप से चला रहे हैं।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। नगर पालिका सीमा में आ रही इस संपत्ति को अपने कब्जे में ले, इसी तरह 26 कॉलोनी के भवनों का मालिकाना हक भी मिले। कहा गया है कि मोदी का मकानों पर मालिकाना हक नहीं है। नगर पालिका को मालिकाना हक कानूनन प्राप्त है, लेकिन अधिकारी इसमें कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। वार्ता में मोर्चे की ओर से तेजपाल पोसवाल, महेश कश्यप, कुलदीप सैनी, पूर्व पालिका सभासद विनोद गौतम, नवनीत सिंह, प्रहलाद शर्मा, विष्णु गर्ग व दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे तथा मोर्चे ने पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली को एक ज्ञापन भी सौंपा।

## उधार सामान ना देने पर तोड़फोड़



**मोदीनगर , करंट क्राइम।** उधार सामान देने से मना करने पर दबंगों ने व्यापारी की दुकान में तोड़फोड़ कर दी और उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। गांव सैदपुर निवासी गुलसनोवर की गांव के ही मार्ग पर किराने की दुकान है। उसकी दुकान पर गांव के युवक सरिक ने उधार सामान देने का दबाव बनाया, उसने मना कर दिया। इससे गुस्साये युवक ने अपने साथियों को बुला लिया और गुलसनोवर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत कर पुलिस से कार्रवाईकी मांग की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## रोटरी क्लब ने एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल कविनगर में कम्प्यूटर्स लैब स्थापित की





● इन कम्प्यूटर्स के लगने से यहां के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर्स के द्वारा तकनीकी ज्ञान एवं शिक्षा में मदद मिलेगी और उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** रोटरी क्लब स्मार्ट सिटी और रोटरी 3012 डिस्ट्रिक्ट ग्रान्ट के सहयोग से एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल कविनगर में एक कम्प्यूटर लैब स्थापित की गयी । पूर्व रोटरी गवर्नर डॉ० सुभाष जैन ने रिबन काटकर कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में जो शिक्षा प्रणाली रोचक और प्रभावशाली देखने को मिलता है उसके पीछे कम्प्यूटर की एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हर जगह कम्प्यूटर उपयोगी बन गया है। स्कूलों में प्रोजेक्ट भी कम्प्यूटर की मदद से ही होते हैं। यहां तक कि अब क्लास भी ऑनलाइन हो गयी हैं। इन कम्प्यूटर्स के लगने से यहां के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर्स के द्वारा तकनीकी ज्ञान एवं शिक्षा में मदद मिलेगी और उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

कार्यक्रम में एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल विद्यालय के सचिव अजय जैन, प्रधानाचार्या लता चन्द्रा ने सभी का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर कम्प्यूटर शिक्षिकाएं रचना जिन्दल एवं नीतू गावा, शिक्षक तथा रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष रो० योगेश गोयल, सचिव रो० आशू गोयल, रो० राकेश छारिया, रो० आशीष गर्ग, प्रेसीडेंट इलेक्ट रो० दीपक अग्रवाल, रो० अधीर गर्ग एवं रो० राकेश गुप्ता उपस्थित रहे।




### ये कहीं नही जाने वाले तभी तो नही बुलाये उन्होने अपनी बिरादरी वाले

कहने को कितना भी कोई कहे लेकिन सियासत में जाति कहीं नही जाती हैं। संगठन के पद से लेकर चुनाव के टिकट तक जाती आती हैं। सियासत की इस बात को इस बार एक उम्मीदवार ने दरकिनार कर दिया। उन्हे चुनावी मैजिक पर पूरा भरोसा था और उन्होने कोई लॉजिक ना सुना ना दिया और कहा कि जिनके नाम पर वोट देना हैं बस उसी पर फोकस रखिये। बिरादरी वाले बता रहे हैं कि उन्हे पूरा विश्वास था कि ये कहीं नही जाने वाले हैं। इसलिये उन्होने बिरादरी पर ना टाईम वेस्ट या मनी वेस्ट की। दूसरी पार्टी के उम्मीदवार ने बिरादरी वालों के दर पर भी माथा टेका और बिरादरी वालों का सम्मेलन बुला कर खुद को सपोर्ट और वोट देने का वचन भी भरवा लिया। सुना है बिरादरी वाले बिरादर इस बात को भी अपने पर्सनल निरादर पर ले रहे हैं। वही पता ये चला कि उधर वाले भी इधर वालों की नाराजगी को लेकर कतई टेंशन नही ले रहे हैं। वो कह चुके हैं कि आठ से ना तो चार से और चार से ना तो दो से और दो से ना तो एक से और एक से ना तो पचास से जीत तो हम ही रहें हैं,इसलियेउम्मीदवार झुकेगा नही

### बात को करो भी डंप कि क्यों मारी हैंडपंप वालों ने मोदीनगर जंप

जब खुद दल के मुखिया ने ही हाथ मिला लिये तो बिरादरी वालों से लेकर मौहल्ला चौधरी तक क्या करते। इधर फ्लावर वालो का अलग ही एटीटयूड कि हमारे सामने हैं ही क्या ये हैंडपंप वाले। तवज्जो उन्होने दी नही और खुद से जाते भला क्या अच्छे लगते। अब लोग भी तो कम नही है बार बार पूछे तों वो इज्जत बचाने को क्या कहते,खुद की फजीहत बचाने को क्या कहते तो एक चौधरी ने कहा कि अजी मुझे तो पूरी तवज्जो दे रहे थे बस मैं ही ना गया। मुझे मंच भी दिया,माइक भी मिला कुर्सी भी मिली तो सरदार जी इंटरनली इस बात पर खफा हैं कि हम तो गुरूद्वारों में सम्मान करायें और जब हम तुम्हारें द्वार आयें तो तुम हमारी गिनती प्रबुद्ध में कर दो। स्पेशल प्रचार तक के लिये नही बुलाया। बात तवज्जों और इनसल्ट के फेर में उलझी तो पता चला कि हमारे तो दोनो ही प्रधान खुद ही मोदीनगर जाकर कमान संभाल रहे थे। मोदीनगर की लोकसभा ही बागपत हैं यहां बताने वाले ने बताया कि उन दोनो की किसी ने कोई चुनावी डयूटी ना लगाई थी। कहा कि अब बात को करो भी डंप कि क्यों मारी हैंडपंप वालों ने मोदीनगर में जंप

### हम मानेगें तुम्हे महान अगर करवा दो तुम हमारा फुल भुगतान

जिस महकमें में कुछ दिन पहले तक ईमानदारी का ढोल बज रहा था अब उसी महकमें में उगाही से लेकर कमीशनखोरी का डीजे बज रहा है। महकमें के चपरासी को भी पता है कि जुग सिस्टम वाला आ गया और पहले वाली ईमानदारी के टाईम के बचे खुचे सिस्टम के तकाजे हो रहे हैं। विकास कराने वाले जानते है कि निकास किधर किधर से कितना कितना करना है। वो पहले ही कह चुके हैं कि हम साहब के आदेशो को फालो करते हैं। सुना है किसी फूल ने जब एक विकास पुरूष को हूल देने की कोशिश करी तो विकास पुरूष यानि ठेकेदार ने भी साफ कह दिया कि हम तो तुम्हे भी फुल महान मान लेगें बस ये शर्त है कि तुम साहब से कह कर हमारा फुल भुगतान करा दो।

## भाजपा नेताओं ने किये बाबा विश्वनाथ के दर्शन



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर के साथ युवा भाजपा नेता सौरभ यादव व वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय व युवा भाजपा नेता सौरभ यादव नेअपनी पूरी टीम सहित बनारस में बाबा विश्वनाथ मंदिर, ज्ञानवापी मस्जिद (मंदिर), संकट मोचक मंदिर जाकर बाबा का आशीर्वाद लिया तथा एनडीए के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भारी मतों से जीतने की कामना की। इस दौरान दर्शन करने वालों में पूनम तिवारी, संजय तिवारी, राम प्यारे यादव, इंजीनियर अशोक यादव, घनश्याम यादव, स्वराज यादव, उमेश विश्वकर्मा, भानु यादव, पंकज यादव, अजय यादव, सुदामा यादव, तारकेश्वर यादव, रामप्रवेश यादव, मुसाफिर यादव, कुंवर पहलवान, शोभनाथ मौर्य, शिवांशु यदुवंश, धर्मेंद्र यादव, अभिषेक यादव, रंजीत यादव, अभिनंदन यादव, गोपी पहलवान आदि साथ उनके रहे।

## दोस्तों संग युवक के घर में की तोड़फोड़ व मारपीट



**मोदीनगर ,करंट क्राइम।** एक युवक को ईंट मारकर घायल करने वाले आरोपी के पिता से शिकायत करना मंहगा पड़ा। आरोपी पक्ष ने लाठी डंडे व धारधार हथियारों से घर में घुसकर घायल युवक व उसके भाई सहित घर की महिलाओं को पीटा व घर में रखे सामान को तोड़फोड़ डाला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

गांव एमपी सिखैड़ा निवासी घनश्याम का पुत्र संदीप जब घर के बाहर खड़ा था, तभी पड़ोस में रहने वाले लव से मामूली विवाद हो गया, लव ने उसके माथे पर ईंट से प्रहार कर दिया। इसकी शिकायत उसने लव के पिता से कर दी। इस पर क्षुब्ध लव ने रात्रि में संदीप के बड़े भाई दीपक को भी रोक लिया और शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जिसे लेकर विवाद गहरा गया। विवाद के चलते लव पक्ष के लोग रात्रि में संदीप के घर पर लाठी डंडे व फरसे लेकर पहुंच गये और गाली गलौज देते हुए घर का सामान तोड़ डाला। इतना ही नहीं संदीप, उसका भाई दीपक, मां व दादी के साथ मारपीट की। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। आरोपी भाग निकले। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित पक्ष संदीप की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही लव, रोहताश, मनजीत ठेकेदार व चार पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## भाकियू टिकैत के चार पदाधिकारी निष्कासित

**मोदीनगर , करंट क्राइम।** सोशल मीडिया पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों के बीच हो रही अशोभनीय टिप्पणी को लेकर जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने महत्वपूर्ण बैठक बुलाकर तत्काल प्रभाव से विनीत चौधरी, मुस्तफा भोजपुर, आकाश सैदपुर, जावेद कलछीना सहित चार को पदमुक्त कर दिया है, साथ ही चेताया कि यदि कोई भी संगठन की अनुशासनहीनता को भंग करेगा या सोशल मीडिया पर संगठन को बदनाम करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई की जायेगी।

दरअसल, संगठन के पदाधिकारियों के व्हाट्सअप ग्रुप पर तीन दिन से संगठन के पदाधिकारी ऑडियो व वीडियो के जरिये एक दूसरे पर अनाप शनाप आरोप लगा रहे थे। आरोपों का यह प्रकरण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसे लेकर संगठन के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने इसे संगठन की बदनामी व अनुशासनहीनता से जोड़ते हुए तत्काल प्रभाव से चार को पदमुक्त कर दिया।

उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारी मर्यादा में रहें अन्यथा इसी तरह की कार्रवाई होगी।

## गंगनहर पर झगड़ रहे पांच युवक गिरफ्तार



**मुरादनगर , करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र स्थित गंगनहर घाट पर स्नान करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने झगड़ा कर रहे पांच युवकों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गंगनहर में नहाने के लिए दिल्ली ,साहिबाबाद ,गाजियाबाद ,लोनी सहित अन्य क्षेत्रों से युवक आते हैं। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान शनि मंदिर घाट पर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि जमकर लात घूंसे चले व पत्थरबाजी हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया कि सभी आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान किया गया है।




## निगम में हुई किस आईपीएस की तारीफ

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबादमें बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम तक एक नदियापार के मामले ने हाई वोल्टेज ड्रामा मचाए रखा। जिसको लेकर जमकर हंगामा रहा। पहला मामला बंद कमरे तक चला तो शाम होते-होते पार्षद ऑन रोड हो गए। दोपहर में जब निगम वाले मुख्यालय पर एक खास ऑफिस में अधिकारियों से लेकर पार्षद और अधिकारियों से लेकर अन्य की बातचीत चल रही थी, तो यहां एक पूर्व आईपीएस का नाम सामने आया। जिस पर शहर की प्रथम नागरिक ने कहा कि अगर वह आईपीएस होते तो आज ऐसा ना हुआ होता। जिस वक्त प्रथम नागरिक ने यह वाक्य कहा उस दौरान उनके पास दो कमिश्नरेट के अधिकारी भी बैठे हुए थे। प्रथम नागरिक के इस कथन के बाद कुछ पार्षदों ने भी उनका समर्थन किया था। बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट सिस्टम और पुलिस सिस्टम गाजियाबाद में लंबे समय तक सिटी की कमान संभालने वाले आईपीएस का नाम लेकर प्रथम नागरिक ने जो कहा था वह सबने सुना। बताया जा रहा है कि जिस आईपीएस अधिकारी की उन्होंने तारीफ की वह वर्तमान में हींग के लिए मशहूर शहर से जुड़े हुए हैं। उनकी वर्किंग की तारीफ कमिश्नरेट सिस्टम में वह साहब भी करते हैं, जो अन्य लोगों को बहुत इंपॉर्टेंस नहीं देते हैं। वैसे जिस आईपीएस की तारीफ हुई है वो दल वालों से लेकर व्यापार वालों और काले कोट वालों से लेकर कमल वालों के बीच टीआरपी में हाई पर रहे हैं। उधर चर्चा इस बात की भी हुई की कमिश्नरेट सिस्टम में पहले भी सिटी वालों ने देहात और नदियापार वालों का रायता समेटने का काम किया है और इस बार भी ऐसा ही होता नजर आ रहा है। वैसे दिन वाला मामला जब शाम को सड़कों पर आया तो आवास वाले इलाके के लोकल साहब को सड़क पर आना पड़ गया। कई जगह बैरिकेडिंग की गई मैनेजमेंट से लेकर अन्य काम किए गए ताकि मार्च ऑफ पार्षद आवास तक ना पहुंच सके। बुधवार को यहां खाकी के लिए दो सीन भी देखने को मिले, जहां एक तरफ नदियापार वाली पुलिस की हाय-हाय वाली स्थिति थी। तो वहीं पूर्व आईपीएस को लेकर जो शब्द बाहर आए वह बता रहे थे कि उनके समय में किस तरीके से मामला कंट्रोल कर लिया जाता था। वहीं नंबर दो वाले साहब की कमी साफ दिखी। कुल मिलाकर देखना होगा की नदियापार और देहात वाला सीन क्या फिर एक बार पुलिस कमिश्नरेट में दोहराया जाएगा।



## घर में रखे नकदी और जेवरात किए चोरी



**मुरादनगर , करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र स्थित त्यागी कॉलोनी में देर रात बदमाश घर में घुसकर नकदी व सोने के जेवरात चोरी करके ले गया। बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की त्यागी कॉलोनी निवासी शुभम चौधरी परिवार सहित रहते हैं। देर रात एक बदमाश घर के अंदर घुस आया। बदमाश ने सबसे पहले उस कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी जिसमें परिवार के लोग सो रहे थे।

इसके बाद बदमाश ने कमरे में रखी सेफ का ताला तोड़कर आठ हजार रुपए की नकदी व लाखों की कीमत के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। इसके अलावा बदमाश ने पूर्व सभासद भूषण त्यागी के मकान में भी चोरी करने का प्रयास किया,लेकिन वह कामयाब नहीं हुआ। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल



**हापुड़।** कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली रोड पर रामलीला मैदान के पास ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

जबकि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दिल्ली रोड स्थित मोहल्ला लज्जापुरी निवासी अभिषेक अपने मित्र अभिषेक (दोनों के नाम अभिषेक)के साथ बाइक सवार होकर जैसे ही रामलीला मैदान के बाहर पहुंचा ही था। तभी एक ट्रक की चपेट में आकर दोनों घायल हो गए। मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए और घायलों को नगर के एक अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृतक घोषित कर दिया। जबकि घायल दूसरा अभिषेक का उपचार किया जा रहा है।

स्वजन में मचा कोहराम अभिषेक की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। वहीं मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। काफी संख्या में लोग मृतक के घर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंच गए थे। परिजन को वह सांत्वना दे रहे थे। बताया गया कि मृतक अभिषेक बीएसएनएल में ठेकेदारी पर काम करता था।

पुलिस ने शुरू की मामले की जांच कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरि कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस मामले में मृतक के भाई आदित्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में जो भी दोषी पाया गया उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रॉपटी डीलर को धमकी देने के मामले में 3 गिरफ्तार



**मोदीनगर , करंट क्राइम।** एक व्यक्ति को फोन पर एक युवक ने फ्री में प्लाट देने की मांग की, ना देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दे डाली। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि गांव भोजपुर निवासी वीश्वेंद्र प्रॉपटी डीलर का काम करते हैं, उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि बीते दिन सोमवार को उसके फोन पर काल आई जिसमें उसने अपना नाम गुडडु पुत्र सुभाष बताया तथा कहा कि फ्री में एक प्लाट दे देना अन्यथा जान से हाथ धोना पड़ सकता है। धमकी मिलने से परेशान विश्वेंद्र ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने कॉल की जानकारी सर्विसलांस के जरिये जुटाकर इस प्रकरण में गुडडु, पिंकल निवासी भोजपुर व अनुज राठी निवासी शाहंजहांपुर मोदीनगर को धमकी देने के मामले में गिरफ्तार किया है।

## जन्म दिन पर श्रीराम प्रतिमा भेंट



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हिंदू रक्षा दल के देहात अध्यक्ष राजकुमार के जन्मदिन पर दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भय्या व पूर्व पार्षद ललित ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

## पुण्यतिथि पर लोक गायक सतपाल दौसा को किया याद

**मोदीनगर ,करंट क्राइम।** लोकगायक सतपाल दौसा की तीसरी पुण्यतिथि सादगी से सम्पन्न हुई। उनकी प्रतिमा पर गांववासियों ने फूल माला अर्पित कीं और उनके गीतों का स्मरण किया। गांव दौसा बंजारपुर निवासी सतपाल दौसा की प्रतिमा पर आयोजित श्रंद्धाजलि सभा में पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ0 बबली गुर्जर, जगत सिंह दौसा, सुनील प्रधान, कटार सिंह, पिंकल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## शिप से दुबई भेजते थे कम पढ़े लिखे शातिर चोर चोरी का सामान

### पलक झपकते ही चुराते थे मोबाइल टावरों से डिवाइस, क्राइम ब्रांच ने भेजा जेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच के हत्थे ऐसे बदमाश चढ़े हैं, जो 5वीं, 6वीं और 11वीं पढ़े हैं। ये शातिर दिमाग इंजीनियरों को फेल कर रहे थे और पलक झपकते ऐसा काम कर डालते थे, जिससे इलाके के लाखों फोन कबाड़ हो जाते थे।

गिरोह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चोरी के माल को शिप के जरिए दुबई भेजा करते थे। खुलासे के बाद क्राइम ब्रांच भी दंग रह गई। एडीसीपी सचिदानंद ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी।





### 50-50 हजार के थे आरोपी ईनामी

**करंट क्राइम।** पुलिस उपायुक्त क्राइम ब्रांच के अनुसार हाल ही में गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश में जियो व एअरटेल के मोबाइल टावरों से बैट्री, आरआर यूनिट व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 6 चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 4 करोड़ रुपये का मोबाइल टावरों से चोरी का माल बरामद किया गया। इस गिरोह के अन्य 7 सदस्य फरार चल रहे थे, बुधवार को तीन और बदमाश पकड़े गए। जिन पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था।

### रात को चुराते थे टॉवरों से पार्ट्स

**करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दकी ने बताया है कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि गिरोह मे कैफ, सुमित कसाना, राहुल गोयल, शुएब मलिक, वसीम अलवी, सुहेल मलिक, जुबैर, अल्ताफ, नईम, मेहराजुद्दीन, जावेद व उसका भाई वसीम शामिल है। ये लोग रात में पल भर में मोबाइल टॉवर के पार्ट्स खो अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि पिछले कुछ वर्षों से मोबाइल टावरों की बैट्री, रेडियो रिसीवर यूनिट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की चोर बाजार में काफी मांग चल रही है, ये काफी महंगे होते हैं और इनको चुराना काफी आसान होता है। इसलिए गैंग बनाकर चोरी करना शुरू किया। अल्ताफ, वसीम अल्वी, सुहेल मलिक, नईम, जावेद मीरापुरिया और सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया है, 7 अभियुक्त अभी फरार हैं। जिससे इंजीनियर को भी खोलने में समय लगता है। चोरी के माल को शिप से दुबई भेजते थे। इनमें से कोई 5वीं, 6वीं और 11वीं तक पढ़ा था। गिरोह का संचालन दुबई से हो रहा था।

## महिला ने पति पर अश्लील वीडियो भेजने का लगाया आरोप




**मुरादनगर , करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति पर अश्लील वीडियो रिश्तेदारों को भेजने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरा पति अश्लील वीडियो बनाकर मेरे भाइयों के मोबाइल पर भेजता है जिस कारण बेइज्जती का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध करने पर वह मारपीट करता है। महिला ने इस संबंध में तहरीर दी है पुलिस जांच कर रही है।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने एनएचएआई व विद्युत अधिकारियों के साथ की बैठक

## सर्वे कराकर अक्षरधाम-सहारनपुर मार्ग पर उच्च क्षमता की केबिलों को फिर से डालने के निर्देश




**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विर्क्रम सिंह ने एनएचएआई और विद्युत वितरण मंडल लोनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी को विद्युत वितरण मंडल लोनी द्वारा अवगत कराया गया कि एनएचएआई ने अक्षरधाम-सहारनपुर मार्ग के निर्माण के दौरान हाइवे पर आ रही 33 केवी व 11 केवी की लाइनों को शिफ्ट कराया है, लेकिन इन लाइनों को शिफ्ट कराते वक्त इस बात का ख्याल नहीं रखा गया कि यदि एक केबिल में फाल्ट हो जाता है तो दूसरी केबिल को नुकसान न होने पाए।

एनएचएआई द्वारा समस्त केबिलों को सड़क के किनारे ट्रेंच में एक साथ एक के ऊपर एक डालकर दबा दिया गया है। कई जगह तो बिना ट्रेंच के ही केबिलों को ऐसे ही खुदाई करके दबा दिया गया है। विद्युत वितरण मंडल लोनी के अधिकारियों ने जिलाधिकारी महोदय निवेदन किया कि भविष्य में इसलिए केबिलों को सुव्यवस्थित तरीके से दोबारा डाले जाने की बेहद आवश्यकता है ताकि कोई फाल्ट होने पर अन्य केबिलों को सुरक्षित बचा लिया जाए और फाल्ट ढूंढने में भी ज्यादा समय न लगे तथा विद्युत आपूर्ति ज्यादा देर तक बाधित होने पर जनता के आक्रोश से भी बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को केबिलों को दोबारा सही तरीके से डालने के लिए 27 मई तक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत वितरण मंडल लोनी के अधिकारियों के साथ मिलकर तुरंत सर्वे करने को कहा।

बैठक में लोनी विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षक अभियंता इंजीनियर नरेश भारती, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, मनोज कुमार, नीरज सिंह यादव, एनएचएआई के परियोजना निदेशक व टैक्नीकल मैनेजर मौजूद रहे।

# खतौली विधायक मदन भैया पहुंचे अयोध्या , किये रामलला के दर्शन




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** खतौली विधायक मदन भैया ने अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। प्राण प्रतिष्ठा के वक्त मदन भैया के राम मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचने पर कई तरह की चचाएं सामने आई थीं लेकिन सच्चाई यह थी कि उन्ही दिनों विधायक मदन भैया ने अपने पैतृक गांव जावली में अपनी निजी भूमि पर बनाए गये एक भव्य मंदिर की मूर्ति स्थापना कराई थी जिस वजह से उस वक्त राम मंदिर के दर्शन करने नहीं पहुंच सके थे।

विधायक मदन भैया ने रामलला की मूर्ति के सामने देश, प्रदेश और दुनिया में अमन, शांति व भाईचारा कायम रहने के लिए प्रार्थना की। मदन भैया ने कहा कि जिस तरह भगवान रामऔर बाकी भाइयों के बीच दिली प्यार और आत्मिक संबंध था इसी तरह प्रदेश के सभी जाति-वर्गों में आपसी भाईचारा बना रहे। मदन भैया ने भव्य मंदिर की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या उत्तर प्रदेश का एक बड़ा पर्यटक स्थल बन चुका है जहां लोग सालों साल राम मंदिर के दर्शन करने आते रहेंगे। इसके अतिरिक्त यहां सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि पर मस्जिद का निर्माण कार्य चल रहा है।इस तरह भविष्य में अयोध्या नगरी भाईचारे की मिसाल कायम करेगी।

# बहरीन का इंटरनेशनल मुशायरा लूट लिया गाजियाबाद के विजेंद्र सिंह परवाज ने,

## इंग्लैंड, केन्या, सिंगापुर, कतर में भी कर चुके हैं भारत का नाम ऊंचा





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** बहरीन में हुए इंटरनेशनल मुशायरे में गाजियाबाद निवासी प्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज ने शानदार शायरी पढ़ कर भारत के झंडे गाड़ दिए। मूलतः मेरठ के निवासी 81 वर्षीय वरिष्ठ शायर विजेंद्र सिंह परवाज पिछले कुछ वर्षों से गाजियाबाद में ही रह रहे हैं।

अंजुमन ए फरोग ए उर्दू अरब की तरफ से इकबाल अजीम की याद में होटल गोल्डन तुलिप, मनामा, बहरीन में हुए इंटरनेशनल मुशायरे में भारत, कतर, पाकिस्तान, जर्मनी, कनाडा और इंग्लैंड के 11 शायरों विजेंद्र सिंह परवाज, सैमा जैदी, वसी शाह, नुसरत सिद्दीकी, अहमद आदिल, अफजल खान, अजीज नबील, अंबर आबिद, ताहिर अजीम, मुख्तार आदिल और ओबैद ताहिर संचालक) ने कलाम पढ़े। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित भारत के विजेंद्र सिंह परवाज की शायरी पर श्रोताओं ने बार बार खड़े होकर दाद दी।

उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद के काव्य प्रेमियों ने परवाज साहब के 81वें जन्मदिन के अवसर पर 30 मार्च 24 को गोविंदपुरम के ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में उनका नागरिक अभिनंदन और कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया था।

उस कार्यक्रम से पूर्व भी गाजियाबाद, मेरठ, हरिद्वार सहित कई शहरों में एक शाम विजेंद्र सिंह परवाज के नाम कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। इंग्लैंड, केन्या, साउथ अफ्रीका, दुबई, काठमांडू, सिंगापुर, कतर आदि देशों में भी विजेंद्र सिंह परवाज अपनी शायरी के माध्यम से गाजियाबाद और भारत का नाम ऊंचा कर चुके हैं।

### परवाज के ये शेर खासतौर पर पसंद किए गए

लब पे बात आई जो दीवाने के गहराई लिए
इक तरफ बैठे रहे सब अपनी दानाई लिए
दोपहर तक बिक गया बाजार में एक-एक झूठ
शाम तक बैठे रहे हम अपनी सच्चाई लिए
खोल कर बालों को अपने, मुस्कुरा कर, छत पे आ
इक जमाना हो गया मौसम को अंगड़ाई लिये

ये जिंदगी भी कैसे बहाने में कट गई
जैसा नहीं हूं वैसा दिखाने में कट गई
बर्दाश्त किससे होती हैं खुद्दारियां यहां
गर्दन हमारी सर को उठाने में कट गई
अपनी हदों में रहकर बहलना ही ठीक था
मेरी पतंग ऊंचा उड़ाने में कट गई
ये भी कोई मिलन है लगे इस मिलन को आग
आधी से ज्यादा रात मनाने में कट गई

# तुलसी निकेतन कॉलोनी हस्तांतरण के लिए जीडीए उपाध्यक्ष को लिखा पत्र




**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** अब से 35 वर्ष पूर्व जीडीए ने आवासीय योजना के तहत तुलसी निकेतन कॉलोनी 99 वर्ष की लीज पर आवंटित की थी। जीडीए द्वारा आवंटित कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं सीवर लाइन, जल निकासी, नल एवं नालियां, सड़कों एवं पीने के पानी आदि की सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई । हर वर्ष भयंकर जल भराव के कारण भूतल के भवन अधिकतर जर्जर अवस्था में आ गए हैं। 2010 में तत्कालीन पार्षद विजय कसाना एवं आरडब्ल्यूए द्वारा जीडीए बोर्ड बैठक में तुलसी निकेतन को नगर निगम में हस्तांतरण करने की प्रक्रिया का प्रस्ताव भेजा गया जिसमें जीडीए द्वारा नगर निगम अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वे कराया गया तथा हैंडओवर की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो अब फाइलों में बंद है। 2292 प्लेटों में 10 हजार की आबादी निवास करती है जो आज सफाई व्यवस्था एवं जल भराव की समस्या से त्रस्त है। तुलसी निकेतन आरडब्लूए द्वारा फिर एक बार तुलसी निकेतन योजना को नगर निगम को हस्तांतरण के लिए जीडीए उपाध्यक्ष को पत्र दिया गया है।

# वसुंधरा जोन में चला पॉलिथीनमुक्त अभियान, जुर्माने में वसूले 3 लाख 21 हजार




***साहिबाबाद, करंट क्राइम।*** *नगर निगम ने वसुंधरा जोन में प्लास्टिकमुक्त अभियान चलाया गया। बुधवार को जोनल प्रभारी सुनील राय के नेतृत्व में वसुंधरा, वैशाली, कौशाम्बी क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिकमुक्त अभियान चला। इस अवसर पर जोनल प्रभारी के अलाव एसएफआई हिमांशु भारद्वाज, टीएस महेंद्र सिंह व सफाई नायक संदीप कुमार मुख्य रूप से अभियान में शामिल रहे। अभियान के दौरान मार्केट एरिया में कार्रवाई की गई जिसमें लगभग 3 लाख 21500 का जुमार्ना वसूला गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर शहर में प्लास्टिकमुक्त अभियान जोरों से चल रहा है। व्यापारियों को पॉलिथीन इस्तेमाल न करने की अपील भी की जा रही है। जहां से पॉलिथीन जब्त हो रही है वहां जुर्माने की कार्रवाई भी निगम कर रहा है।*


JKGIS
JKG INTERNATIONAL SCHOOL
52 OF EXCELLENCE

Celebrating The triumph Of JKGians
IN GRADE X CBSE BOARD RESULT 2023-24



HANSIKA BANSAL 97.2%
RUCHIR GARG 97.2%
ADITI SHARMA 96%

| | |
|---|---|
| KINJAL JAISWAL | 96% |
| VEDIKA JAIN | 95.4% |
| TRISHA DIXIT | 94.8% |
| SHRESHTH DWIVEDI | 94.4% |
| ANUSHKA SINGHA | 94.4% |
| SOHAM GAYEN | 94% |
| KARTIK PAL | 94% |
| MEHUL SANGAL | 94% |

| | |
|---|---|
| AHAN GOYAL | 93% |
| RAJ GAUTHAM | 92.8% |
| PRERNA VARSHNEY | 92.4% |
| BADAL DIVEDI | 92.4% |
| SHIV MOHAN TOMAR | 92.2% |
| YASHPAL | 92.2% |
| KINSHUK | 92% |
| SHREYA KUMARI | 92% |

| | |
|---|---|
| SHREYA KUMARI | 92% |
| ARUSH KASHYAP | 91.4% |
| ANURAG TIWARI | 91.2% |
| ANSH | 91% |
| ABBHYUDAY | 90% |
| SHREYASHI YADAV | 90% |
| SHAURYA JAIN | 90% |
| DEYWANG BNG SINGH | 90% |

GRADE XII CBSE BOARD RESULT 2023-24



YASHI GOYAL 98%
RITIKA RAWAT 98%
AYUSH KUMAR YADAV 97%

| | |
|---|---|
| ANKITA NEGI | 96.2% |
| KSHITIJA SINHA | 96.2% |
| ANJALI KUMARI | 96% |
| NISHI SRIVASTAVA | 95.4% |
| PALAK KASHYAP | 95.2% |
| PRASANA VENKETESH | 95.2% |
| ALPANA RAI SRISHTI | 95.2% |
| ANSHIKA | 94% |

| | |
|---|---|
| PRIYANI | 94% |
| GAGAN KUMAR | 93.8% |
| ASWIN KRISHNA | 93.6% |
| ADITYA TRIVEDI | 93.4% |
| HARSHIT SINGH | 93.2% |
| HIMANSHI | 93% |
| AKSHITA PRASAD | 93% |
| ABHAY | 93% |

| | |
|---|---|
| SALONI GUPTA | 93% |
| PARI NARULA | 92.2% |
| MONIKA | 92% |
| KHSUHI SINGH | 91.4% |
| YUVRAJ YADAV | 91% |
| SRISHTI SAXENA | 91% |
| LAKSHAY GAUR | 91% |
| DISHA | 90% |

INDIRAPURAM
Shakti Khand - II, Indirapuram, Ghaziabad 9971492141 info@jkgisi.com www.jkgisi.com
VIJAY NAGAR
B-Block, Sector-9, Vijay Nagar, Ghaziabad 9871191705 info@jkgisv.com www.jkgisv.com





**क्यों कहा कहने वाले ने कि** बुधवार का दिन रहा भाजपा पार्षदों के हाईवोल्टेज प्रदर्शन के नाम? मगर इस प्रदर्शन को लेकर द यूनियन वाले किसी चेहरे ने अपने शब्दों से दिये कुछ और ही पैगाम? कहा रेड़ी पटरी से वसूली वाली घटनाएं ऐसी ही घटेंगी? अगर टिकट व्यवस्था के दम पर बटेंगी? कहने वाले ने कहा बस ना पूछना इस तरह की बात कहने वाले व्यक्ति का नाम? द यूनियन के गलियारों में हैं उनकी मजबूत पहचान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा भाजपा पार्षदों के प्रदर्शन में मेयर सुनीता दयाल मिला रही थीं आवाज से आवाज? पार्षद को जेल भेजे जाने से थीं वो भी बहुत ज्यादा नाराज? उनकी इस नाराजगी में कई भगवा पार्षद मिला रहे थे आवाज से आवाज? मगर इस बार भी जय और वीरू नहीं दिखाई दिये, आवास से लेकर ऑफिस और ऑफिस से लेकर पुलिस मुख्यालय कूच तक उनके साथ? अब इतनी गंभीर बात में भी दोनों ने बनाई है दूरी? दूरियां बढ़ चुकी हैं बस सवाल के माध्यम से यही बताना है जरूरी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** पार्षद की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधिकारी के खिलाफ क्रान्तिकारी बयान देने से नहीं चूके चौहान? मगर जिस दिन उनको पार्षदों के प्रदर्शन में मिलानी थी आवाज से आवाज? तब पूरी तरह मिस्टर चौहान हो गये गुमनाम? अब उन्होंने अगले दिन सोच समझकर बनाई ये दूरी? या फिर किसी बड़े चेहरे के कहने पर दूरी बनाना हो गया उनके लिए जरूरी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब दिखा रहे थे भगवा पार्षद अपने पार्टी के पार्षद के खिलाफ विरोध वाले तेवर? तब भगवा मैम्बर राघव बना रहे थे शब्दों के मीठे वाले घेवर? कह रहे थे कि अगर आज कमांडर होते गाजियाबाद? तो फिर बिल्कुल भी नहीं बनते ऐसे हालात? चुनाव की वजह से फिलहाल हैं वो बहुत ज्यादा दूर? अगर वो होते गाजियाबाद में तो इतनी आगे तक बात बढ़ती ही नहीं हुजुर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे पार्षदों की विरोध वाली रणनीति बनाने के दौरान मौजूद? यहां पर भगवा पार्षद पहलवान काफी बढ़-चढ़कर दिखा रहे थे अपना वजूद? विरोध प्रदर्शन के वो तैयार कर रहे थे लगातार कई तरह के प्लान? कह रहे थे या तो निगम के गेट पर ताला लगा देते हैं? या फिर अधिकारियों के यहां पर कूड़ा बिखेरने के बना लेते हैं प्रोग्राम? सुन रहे थे बाकी भी पार्षद मिस्टर पहलवान की क्रान्तिकारी अल्फाज? उन्होंने कहा फिलहाल पुलिस अधिकारी से मिलने चलते हैं? अभी इतना कुछ करने का समय नहीं आया है साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के कई नेता जब भी चुनाव में रहते है तो वो अखबारों से लेकर सोशल मीडिया तक अपनी दिखाते हैं सक्रियता वाली क्रान्ति? जब तक एक दो फोटो रोज फेसबुक पर अपलोड ना कर लें? तब तक नहीं मिलती है उनके कलेजे को शान्ति? मगर यहां पर पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन जैसे भी है किरदार? चुनाव में तमाम जगह उनकी लगी है ड्यूटी? मगर आज तक उन्होंने नहीं किया प्रचार? वो मजबूत रखते है अपनी गंभीरता का भाला? पता करो आज वो आपको मिलेंगे अम्बाला?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मेयर के एक्शन पर खाकी वालों ने अलग ही दिखाया अपना रिएक्शन? अब देखना ये है कि ताकतवर लोकसभा वाले गर्ग साहब इस मामले में क्या दिखाते हैं अपना रिएक्शन? क्या पार्षद वाले मामले में प्रकट करेंगे वो अपने विचार? या फिर हमेशा की तरह यही कहेंगे कि मामला नगर निगम का है? इस पर जो भी मेयर साहब आगे एक्शन लेंगी वो होगा हमको स्वीकार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** दिन था बुधवार और पूरी तरह से खिन्न था भगवागढ़ के क्रान्तिकारी गुप्ता जी का मन? सुना है त्याग की भावना रखने वाले किसी नेता ने उनसे कर दी मड में मिक्स करने वाली बात? जिसको लेकर खराब हो गया उनका मन? सुना है वो अपनी नाराजगी प्रकट करने के लिए मिला रहे थे लगातार एक विधायक जी को फोन? सामने से सुनाई दे रही थी नोट रीचेबल वाले टोन? आज गुप्ता जी इस मामले में करेंगे कोई फैसला? पता चलेगा अब कौन राईट था और कौन था रॉन्ग?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** दूर बैठकर बुधवार को ले रहे थे पार्षद वाले प्रकरण को लेकर एक बड़े जनप्रतिनिधि अपने खास पार्षदों से जानकारी? पता कर रहे थे वो निगम ऑफिस से लेकर मुख्यालय की ओर कूच हुए सारे हालात? सुना है मौके पर मौजूद 2-3 खास पार्षद बता रहे थे उनको एक-एक बात? कहने वाले ने कहा इस स्टोरी में काफी सारे ट्विस्ट हैं? समय आने पर आ जायेगी सामने एक-एक बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी आपको एक सलाह है कि मिस्टर लव और मिस्टर खादी की दोस्ती को देखते हुए आप दे दो उनको अब भगवा जय और भगवा वीरू वाला नाम? वैसे भी इससे पहले जो भगवा जय और वीरू थे वो हो गये हैं गुमनाम? देखना इस नाम को ये दोनों तुरंत कर लेंगे स्वीकार? पुरानी दोस्ती का एक नया अध्याय आप ही के यहां से शुरू होगा? एक बार मार्किट में आ तो जाये ये विचार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर महामंत्री राजेश त्यागी ने अपने बेटे अयांश को उसके जन्मदिन पर शुभकामनाएं और बधाई दी। अपने पुत्र के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पोस्ट बनाया।प्रभु से कामना की कि बाबा महाकाल का आशीर्वाद सदा बना रहे। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।